www.epaper.azadsipahi.in
* ओड़िशा संस्करण
29 दिसंबर, 2023
पौष, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 69

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जोहार

अबुआ आवास
किसान पाठशाला मुख्यमंत्री रोजगार सृजन
कृषि ऋण माफी बिरसा हरित ग्राम
सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि
ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण
सोना सोबरन धोती साड़ी
साइकिल वितरण
सरना आदिवासी धर्म कोड
100 यूनिट मुफ्त बिजली
बिरसा सिंचाई कूप
JSSC नियुक्तियां
JPSC नियुक्तियां
मुख्यमंत्री पशुधन
प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति
गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड
1932 खतियान
ओबीसी-27%, एसटी-28%, एससी-12% आरक्षण
मरङ गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति
हरा राशन कार्ड
आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार
फूलो झानो आशीर्वाद
अबुआ बीर अबुआ दिशोम
महिला सशक्तिकरण
CM उत्कृष्ट विद्यालय
निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण
सर्वजन पेंशन
मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी

4 वर्ष

## युवा झारखण्ड के बढ़ते कदम...



**कार्यक्रम**
दिनांक : 29 दिसंबर, 2023
समय : अपराह्न 1 बजे से
स्थान : मोरहाबादी मैदान, रांची

**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

P.R. 314643 (IPRD) 23-24

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 78,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 29 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# हेमंत सरकार के चार साल: बदल रही है झारखंड की तस्वीर



झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पिछले चार साल में कई ऐसी योजनाएं लागू की हैं, जिनसे झारखंड की तस्वीर बदल रही है। सरकार ने महिला शिक्षा, विद्यार्थियों, युवाओं, किसानों और कर्मचारियों की बेहतरी की दिशा में कई कदम बढ़ाये हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना, पुरानी पेंशन योजना और मरंग गोमके जयपाल सिंह पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना की शुरुआत की है।

## सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना
## महिला शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में कदम



हेमंत सोरेन सरकार ने महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लागू की है। इसके तहत कक्षा आठ से 12वीं तक की छात्राओं को 20 हजार रुपये अनुदान दिया जाता है। सरकार की तरफ से कक्षा आठवीं और नौवीं में पढ़नेवाली छात्राओं को ढाई हजार रुपये और 10वीं, 11वीं और 12वीं की छात्राओं को पांच हजार रुपये दिये जाते हैं। इसके अलावा जब छात्रा 18 साल की होती है, तो एकमुश्त 20 हजार रुपये दिये जाते हैं। इस योजना के जरिये सावित्रीबाई फुले के संघर्ष को सम्मान देने की एक छोटी सी कोशिश की गयी है। इससे झारखंड की लाखों बहनों और बेटियों को जोड़ने के लिए सरकार प्रयासरत है।

## मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना
## शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा

झारखंड सरकार ने मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना की शुरूआत की है। उच्च शिक्षा की पढ़ाई करने के इच्छुक 10वीं के छात्र-छात्राओं को इसके तहत मुफ्त कोचिंग दी जानी है। ऐसे विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में पढ़ने का मौका मिलेगा। इस योजना के तहत प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए पूरी फीस सरकार देगी। सरकार बच्चों को हर महीने ढाई हजार रुपये देगी। ये पैसे विद्यार्थियों के खाते में ट्रांसफर किये जायेंगे।

## गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना
## चार फीसदी ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का ऋण

झारखंड सरकार ने राज्य स्थापना दिवस पर गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना के माध्यम से हर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार का बच्चा अपना भविष्य संवार सकेगा। इसके तहत चार फीसदी ब्याज दर पर 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण दिया जाना है। इसका गारंटर सरकार बनेगी। लोन वापसी की प्रक्रिया शिक्षा पूरी होने के एक साल बाद शुरू होगी।



## मुख्यमंत्री सारथी योजना : रोजगार नहीं मिलने पर एक हजार रुपये हर महीने भत्ता



झारखंड सरकार की ओर से इस योजना की शुरूआत की गयी है। झारखंड के प्रतिभाशाली युवाओं को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए यह योजना शुरू की गयी है। प्रखंड स्तर तक पहुंचकर सरकार योजना को लागू करेगी। 18 से 35 वर्ष के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। सफल युवाओं को रोजगार नहीं मिलने पर एक हजार रुपये प्रति माह दिया जायेगा। यह राशि अधिकतम एक साल के लिए दी जायेगी।

## सुओ-मोटो म्यूटेशन योजना: रजिस्ट्री के बाद म्यूटेशन के लिए नहीं देना है आवेदन



झारखंड सरकार की ओर से सुओ-मोटो म्यूटेशन योजना की शुरूआत की गयी है। इसके तहत अब जमीन की रजिस्ट्री के बाद म्यूटेशन यानी दाखिल-खारिज के लिए लोगों को अलग से आवेदन नहीं देना है। अंचल कार्यालय के चक्कर से लोगों को मुक्ति दिलाने की दिशा में यह अच्छी पहल की गयी है।

## मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना सुखाड़ प्रभावित किसानों को मदद



हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना लागू की है। झारखंड में सुखाड़ से 30 लाख से अधिक किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है। सरकार सुखाड़ प्रभावित हर परिवार को तत्काल राहत के रूप में साढ़े तीन हजार रुपये देगी। झारखंड के 22 जिलों के कुल 226 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया गया है।

## झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना : नि:शुल्क कोचिंग की मिलेगी सुविधा



हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना की शुरुआत की है। नि:शुल्क कोचिंग की सुविधा दिलानेवाली इस योजना से लाखों विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। इस योजना से हर वर्ष 27 हजार विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा।

## आयुष्मान योजना की तर्ज पर सभी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ




झारखंड सरकार आयुष्मान भारत योजना की तर्ज पर एपीएल परिवारों को भी स्वास्थ्य बीमा योजना से जोड़ते हुए उन्हें पांच लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा मुहैया करा रही है। इसका लाभ राज्य और केंद्र सरकार के नियमित कर्मियों को नहीं मिलता है। एक लाख रुपये तक के खर्च का वहन बीमा कंपनियों द्वारा किया जाता है, जबकि एक लाख रुपये से अधिक और पांच लाख रुपये तक की राशि में से 50 प्रतिशत राशि लाभुक परिवार द्वारा इलाज के उपरांत अस्पताल को डिस्चार्ज से पूर्व की जाती है, जबकि शेष 50 प्रतिशत राशि का भुगतान राज्य सरकार अस्पतालों को करती है। इस योजना के माध्यम से झारखंड सरकार ने राज्य के हर व्यक्ति को स्वास्थ्य बीमा से जोड़ने की पहल की है।



## झारखंड अबुआ आवास योजना

झारखंड सरकार ने बेघर लोगों के लिए इस योजना की शुरुआत की है। इसके तहत ऐसे नागरिक, जिनके पास आवास की सुविधा नहीं है, जो बेघर हैं या कच्चे मकान में रहते हैं, उनके लिए सरकार पक्का मकान उपलब्ध करा रही है। योजना के तहत झारखंड के 10 लाख परिवारों तक इस योजना का लाभ पहुंचाया जायेगा। योजना के तहत तीन कमरों वाला पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है। जिन लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है और जिनके पास अपना पक्का मकान नहीं हैं, वे नागरिक इस योजना के माध्यम से पक्का मकान प्राप्त कर सकते हैं। योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य सरकार ने 15 हजार करोड रुपये का बजट निर्धारित किया है।

## लुंगी, धोती एवं साड़ी योजना से साल में दो बार मिलेंगे कपड़े



झारखंड सरकार ने राज्य में गरीबी रेखा के नीचे बसर करनेवाले लोगों को भोजन के साथ-साथ कपड़े मुहैया कराने के लिए एक बार फिर लुंगी, धोती और साड़ी योजना को लागू किया है। यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थ योजना के लगभग 57 लाख परिवारों को खाद्यान्न के अलावा लुंगी, धोती एवं साड़ी मुहैया करा रही है। इसके लिए वर्ष में दो बार 10-10 रुपये का भुगतान कर लाभुक कपड़े ले रहे हैं।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना

झारखंड सरकार ने आदिवासी विद्यार्थियों के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना शुरू की है। इसके तहत झारखंड सरकार राज्य के अनुसूचित जाति के प्रतिभावान लड़के-लड़कियों को ऑक्सफोर्ड और कैंब्रिज जैसे प्रतिष्ठित विदेशी यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा लेने का मौका देती है। यह योजना देश के किसी भी राज्य में पहली बार लागू की गयी है।

योजना के तहत अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं अन्य पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के 10 विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। चुने गए छात्र-छात्राओं को विदेशी शैक्षणिक संस्थानों में 22 विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त करने का मौका मिलता है। झारखंड सरकार द्वारा उन्हें आर्थिक मदद दी जाती है। यह योजना उन विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक है, जो प्रतिभाशाली हैं।






## न्यूज रील्स

### इडी की चार्जशीट में प्रियंका गांधी का नाम आया

नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की चार्जशीट में पहली बार कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा का नाम आया है। जांच एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रियंका नाम चार्जशीट में शामिल किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रियंका ने 2006 में हरियाणा के फरीदाबाद में पांच एकड़ की खेती की जमीन खरीदी। प्रियंका ने ये जमीन दिल्ली के रियल एस्टेट एजेंट एचएल पाहवा से खरीदी। फरवरी 2010 में इस जमीन को पाहवा को ही बेच दिया। इडी के मुताबिक, यह जमीन फरीदाबाद के अमीपुर गांव में पाहवा से खरीदी गयी थी। इसी एजेंट से प्रियंका के पति रॉबर्ट वाड्रा ने भी 2005-2006 में अमीपुर गांव में 40.08 एकड़ जमीन के तीन टुकड़े खरीदे और उसे दिसंबर 2010 में एजेंट को ही बेच दिया। एजेंट पाहवा वही व्यक्ति है, जिसने एनआरआइ कारोबारी सीसी थंपी को भी जमीन बेची थी। एक बड़े मामले में भगोड़ा हथियार डीलर संजय भंडारी भी शामिल है, जिसकी कई एजेंसियां मनी-लॉन्ड्रिंग, विदेशी मुद्रा और कालेधन कानूनों के उल्लंघन और आधिकारिक गोपनीयता कानून (ऑफिशियल सीक्रेट) जांच कर रही है। भंडारी 2016 में भारत से ब्रिटेन भाग गया था। थंपी पर ब्रिटिश नागरिक सुमित चड्ढा के साथ मिलकर भंडारी को अपराध की कमाई छिपाने में मदद करने का आरोप है। एऊने पहले चार्जशीट में रॉबर्ट वाड्रा का नाम भी शामिल किया था। रॉबर्ट पर थंपी का करीबी होने का आरोप लगाया था।

### होटवार जेल अधीक्षक निशांत रॉबर्ट का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कारा होटवार रांची के अधीक्षक पद पर पदस्थापित बेसरा निशांत रॉबर्ट को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक प्राचार्य कारा प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### बर्लिन हॉस्पिटल मामले में प्रीति को इडी का समन

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के बरियातू रोड स्थित बर्लिन अस्पताल की जमीन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने प्रीति कुमार को समन जारी किया है। इडी ने समन जारी करते हुए प्रीति कुमार को 3 जनवरी 2024 को पूछताछ के लिए इडी के रांची जोनल कार्यालय में उपस्थित होने को कहा है। बता दें कि बीते 5 दिसंबर को इडी ने बर्लिन अस्पताल की जमीन का सर्वे किया था। इडी के अधिकारियों ने बर्लिन अस्पताल की जमीन की मापी भी की थी।

**सरकार के चार साल : मुख्यमंत्री ने मीडिया के सामने रखी बात**

# जो काम किया, जमीन पर किया, और है करना: हेमंत

- विषम परिस्थिति में क्या-क्या किया विकास मुख्यमंत्री ने बताया
- 2025 तक राज्य को अपने पैर पर खड़ा करने का किया ऐलान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का ठीक तरह से गठन भी नहीं हुआ था और देश-दुनिया में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने दस्तक दी। वैश्विक महामारी के चलते देश में लंबे समय तक लॉकडाउन लगा रहा। झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। वैसी स्थिति में कोरोना जैसी आपदा राज्य के लिए अभिशाप जैसी थी। उन्होंने कहा कि इन विषम परिस्थितियों के बीच कोरोना संकट से लेकर अब तक हमारी सरकार ने बेहतर काम किया। हमने जो किया, जमीन पर किया। अभी विकास के लिए बहुत कुछ करना है। मेरा प्रयास है 2025 तक राज्य को अपने पैरों पर खड़ा कर दें, जिससे किसी के सामने हाथ फैलाने की जरूरत न पड़े। राज्य सरकार के चार वर्ष पूरा होने से एक दिन पहले मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने आवास पर मीडिया से बात कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना की चपेट में आकर हमारे मंत्रिमंडल के दो मंत्री भी शहीद हुए। जैसे ही वैश्विक महामारी का बादल छंटा, हमारी सरकार ने वादों के अनुरूप राज्य को एक नयी दिशा देने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार पूरे झारखंडियों की सरकार है। शुरुआती दिनों से ही हमारी सरकार ने राज्य के हर वर्ग, हर समाज को लेकर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण और प्रभावी अभियान रहा है। इस अभियान के तहत हम विकास की राह में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे हैं। 29 दिसंबर 2023 को इस अभियान के तीसरे चरण का अंतिम पड़ाव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य होने की वजह से यहां आर्थिक, शैक्षणिक स्तर पर कई विषमताएं रही हैं। हमारी सरकार में 'आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' अभियान के माध्यम से इन विषमताओं पर काम करने की पुरजोर कोशिश हुई है। उन्होंने कहा कि जो काम किये हैं, उसकी पूरी लिस्ट जारी कर देंगे, तो विपक्ष की बोलती बंद हो जायेगी।

**चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य कर्मियों को संवेदनशील बनाने का प्रयास किया है। जिस उद्देश्य के साथ हम लोगों ने सरकार बनायी, उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए इस सरकार ने अब तक गांव के लोगों के साथ, राज्य की जनता की भावनाओं के साथ कदम से कदम मिला कर चलने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी चुनौतियां खत्म नहीं हुई हैं, आगे हम लोगों को और कई चुनौतियों से सामना करना है, परंतु इन चुनौतियों से निपटने के लिए हम पूरी तरह तैयार हैं।

**केंद्र से अपेक्षा के अनुरूप सहयोग नहीं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी राज्य का सर्वांगीण विकास केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के आपसी समन्वय से होता है, परंतु मेरा मानना है कि केंद्र सरकार से जो सहयोग हमें मिलना चाहिए था, वह अपेक्षा के अनुरूप नहीं मिला है। केंद्र सरकार से कम सहयोग मिलने के बावजूद सरकार ने कदम रोके नहीं बल्कि निरंतर आगे बढ़ते रहे।

**हर वर्ग को लाभ देने का प्रयास:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं बेरोजगारों सहित सभी वर्ग को सरकार की विभिन्न भावी योजनाओं से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया है। आगे भी करती रहेगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में 80 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है। मेरा मानना है कि राज्य का सर्वांगीण विकास तभी संभव है, जब हम गांव को मजबूत करेंगे। जब गांव मजबूत होगा, तभी शहर और राज्य मजबूत होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि हम झारखंड के गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर राज्य के माथे पर जो पिछड़ेपन का टैग लगा है, उसे हटाने में जरूर कामयाब होंगे।

**पूर्व की सरकार के कारण पिछड़ापन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 20-25 में झारखंड युवा राज्य की गिनती में शुमार हो जायेगा। पिछले 20 वर्षों में इस राज्य को पूर्व सरकारों से जितनी अपेक्षाएं थीं, उसके मुताबिक वे खरी नहीं उतर पायीं। यही वजह है कि झारखंड पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। पिछले 20 वर्षों में झारखंड में ऐसा कोई काम नहीं हुआ, जिसके भरोसे आज हम हर चुनौती से लड़ने का सामना रखते हों। (शेष पेज 5 पर)



### जिंदा हैं, तो दिखना चाहिए....

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि 'जिंदा हैं, तो दिखना भी चाहिए...'। क्या मैं भाग रहा हूं। विदेश तो नहीं चला गया। राजनीतिक लोगों पर आरोप लगते रहते हैं, तो संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप नहीं हैं क्या? हकीकत को कितने दिन दबा कर रख सकते हैं। इडी प्रकरण को पूरा देश देख रहा है। मुझे इसकी बहुत ज्यादा चिंता नहीं है। मुख्यमंत्री इडी के समन किये जाने से संबंधित सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में कानून है कि नहीं? इडी भी कायदे कानून से चल रही है। सरकार भी कायदे कानून से चल रही है। कुछ परिस्थिति ऐसी होती है, जिसमें स्वाभाविक दवाब बना रहता है। कुछ में दवाब बनाया जाता है।

### खून खराबे पर उतर जाना चाहिए...

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि इस लोकतंत्र में विपक्ष के साथ जिस तरीके का व्यवहार किया जा रहा है, इससे ऐसा लगता है राजनीति छोड़ कर खूनखराबे पर उतर जाना चाहिए। नेताओं को राजनीतिक चोला छोड़ कर जंग-ए-मैदान में उतर जाना चाहिए। हम लोगों ने नेहरू से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी तक का शासन देखा है। इस लोकतंत्र और संघीय ढांचे का लोग लोहा मानते थे कि कैसे इतनी विविधता के बावजूद लोग साथ रहते थे। हालांकि अब कुछ लोग हैं जो आये दिन ऐसा माहौल तैयार करते हैं कि लोग द्वेष भाव से ग्रसित हो जाते हैं। हेमंत सोरेन ने एक सवाल पर कहा कि एनडीए में जाने का कोई सवाल ही नहीं बनता है। मुझे लगता है कि लोकतंत्र में इस तरीके का प्रश्न होना ही नहीं चाहिए।

## आत्मविश्वास और ठोस इरादे दिखा गये मुख्यमंत्री

- सवालों से न घबराये, न कतराये, विकास से लेकर इडी तक पर दिया खुल कर जवाब



विनोद कुमार सिंह

**रांची।** हेमंत सरकार के आज चार साल पूरे हो गये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इससे एक दिन पहले गुरुवार को मीडिया से बातचीत की। यह बातचीत एकतरफा नहीं थी। मुख्यमंत्री ने चार साल के कामकाज का ब्योरा रखा। भविष्य के बारे में बात की। मीडिया ने भी उनसे खुल कर सवाल पूछे। विकास से लेकर इडी के समन और एनडीए में शामिल होने जैसे तीखे सवाल भी किये। हेमंत इन सवालों से न ही घबराये, न ही कतराये। एक-एक सवाल का जवाब दिया। वह आत्मविश्वास में दिखे और अपने ठोस इरादे को भी दिखा दिया।

हेमंत सोरेन बार-बार कहते हैं कि जिस दिन से मेरी सरकार बनी, उसी दिन से सरकार गिर रही। उन्होंने आज गुरुवार को भी इसे दोहराया। अगर पिछले चार साल में आयी बातों पर नजर डाली जाये, तो हेमंत की बातों को सिरे से नकारा नहीं जा सकता है। कई दफा इस तरह की बातें राजनीतिक गलियारे में चलीं और देखते-देखते हेमंत सरकार ने चार साल पूरे कर लिये। मुख्यमंत्री अब इस तरह की बातों पर चुटकी लेने लगे हैं। उन्होंने कहा कि चार वर्ष तो हम सरकार चला लिये। विपक्ष के साथी तो सरकार बनने के चंद घंटे के बाद ही सरकार गिरा रहे थे। मुझे चिंता नहीं है। थोड़ा बहुत हमने भी सीख लिया है। आदिवासी जरूर हैं, लेकिन बोका नहीं हैं। हमने भी सीख लिया है कि कैसे इनके साथ नूरा-कुश्ती खेलनी है। उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ कहा कि इन लोगों को अब समझ जाना चाहिए कि झारखंड में जीत उनके लिए बहुत आसान नहीं है।

इडी के बार-बार समन करने के बाद भी नहीं जाने और एनडीए में शामिल होने जैसे सवाल पर मुख्यमंत्री जवाब देने से नहीं कतराये। हेमंत ने संयमित तरीके से जवाब दिया। उन्होंने लोकतंत्रिक व्यवस्था, कानून और राजनीति में हो रहे बदलाव की चर्चा की। दबाव की बात की। इन सबकी चिंता किये बगैर लड़ाई के लिए तैयार होने का संदेश दे दिया। विपक्ष के आरोपों को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष हम पर जो भी आरोप लगाता है, मैं उसका जवाब देना उचित नहीं समझता। मुख्यमंत्री ने विकास की बात की, तो राज्य पर गरीबी के तगमा को आनेवाले दो वर्ष में दूर करने की दिशा में बढ़ाये जाने वाले कदम के साथ अपने ठोस इरादे को दिखाया।

**सरकार के चार साल : भाजपा ने जारी किया आरोप पत्र**

# अब फाइल, फोल्डर और बॉस की सरकार : बाबूलाल

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने हेमंत सरकार पर साधा निशाना
- हेमंत राज में ठगबंधन मालामाल और झारखंड बदहाल
- एनडीए के 13 वर्षों के शासन में लिखी गयी विकास गाथा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने गुरुवार को राज्य सरकार के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया। 29 दिसंबर को वर्तमान सरकार के चार साल पूरे होने हैं। इसे लेकर प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आरोप पत्र जारी करते सरकार पर जनता को बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने में विफल रहने का आरोप लगाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में अभी फाइल, फोल्डर और बॉस की सरकार है। ठगबंधन मालामाल है, झारखंड बदहाल है।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस राज्य के 23 वर्षों के विकास में विकास बनाम विनाश की गाथा भरी पड़ी है। 13 वर्षों तक राज्य में एनडीए सरकार रही। भ्रष्टाचार मुक्त विकास के पथ पर राज्य आगे बढ़ा, पर 10 वर्षों के यूपीए गठबंधन के आकंठ भ्रष्टाचार ने राज्य को लूटा है। कलंकित किया है। इधर, पिछले नौ सालों में केंद्र की मोदी सरकार ने झारखंड को बढ़-चढ़ कर मदद दी, पर हेमंत सरकार ने योजनाओं को लटकाने, अटकाने और भटकाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, घोषणा पत्र के संयोजक अरुण उरांव, प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह प्रभारी योगेंद्र प्रसाद सिंह के अलावा रविनाथ किशोर और सुनीता सिंह भी मौजूद थीं।


**केंद्र का मिलता रहा है सहयोग :** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार ने विभिन्न सरकारी योजनाओं में लगातार झारखंड को मदद दी है। पर राज्य सरकार लगातार झूठ बोलती रही है। पीएम उज्ज्वला योजना का लाभ देश में 9 करोड़ 59 लाख को मिला है, जबकि झारखंड में 32 लाख 27 हजार 135 को दिया गया है। पीएम आवास योजना ग्रामीण का लाभ देश में 3 करोड़ लोगों को, जबकि यहां 15 लाख 84 हजार 185 को मिल चुका है। देश में 37 करोड़, जबकि यहां 2.20 करोड़ को आयुष्मान कार्ड मिला है। 11 करोड़ 72 लाख को शौचालय योजना का लाभ देश में मिला है। झारखंड में 40 लाख 8 हजार 283 को दिया जा चुका है। 11 करोड़ 27 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ देश भर में मिला है। झारखंड में भी 27 लाख लाभान्वित हो चुके हैं। देश में 16 आइआइएम खुले हैं।

**हर वर्ग के साथ हुआ धोखा :** सरकार ने युवाओं, महिला, आदिवासी सहित हर वर्ग के साथ धोखा किया है। सरकार बनने पर एक साल में पांच लाख नौकरी नहीं तो राजनीति से संन्यास की बात की थी। इस पर विफल है। अब तक अपने पूरे कार्यकाल में भी वह पांच लाख का एक प्रतिशत भी युवाओं को नौकरी नहीं दे सकी है। विधानसभा में स्वीकार किया है कि केवल 357 को ही नौकरी दी है। सरकार की नियोजन नीति 2021 को हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया। संकल्प लाकर स्थानीय और नियोजन नीति बनाने की बजाय 9वीं अनुसूची का बहाना लाकर उसने अपनी झूठी नीयत दिखायी है। 1932 खतियान विधेयक को पहले ही विधि आयोग ने असंवैधानिक करार दिया है। राज्य में 90 हजार शिक्षकों के पद रिक्त हैं। झारखंड राज्य में 7,27,300 रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं।



### झारखंड में वित्तीय कुप्रबंधन

आरोप पत्र के मुताबिक इस वर्ष बजट अनुमान के अनुसार झारखंड सरकार द्वारा कैपिटल आउटले पर 21,248 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया था। सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार अक्टूबर 2023 तक मात्र 7868 करोड़ रुपये यानी 37 प्रतिशत ही खर्च किया गया। झारखंड सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण विकास की योजनाएं ठप रहीं। झारखंड सरकार के बजट अनुमान के अनुसार उसके पास 2023-24 में खर्च करने को लगभग 1,01,101 करोड़ की राशि है, जिसमें लगभग 50.218 करोड़ का योगदान केंद्र सरकार कर और ग्रांट के रूप में दे रही है। पिछले वर्ष की तुलना में केंद्र सरकार का योगदान 9.61 प्रतिशत बढ़ा है। आंकड़ों को देखें, तो झारखंड सरकार के पास अपार साधन हैं। खर्च करने की सही नीयत नहीं है।









# झारखंड में नहीं गलेगी भाजपा की दाल : बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आदिवासियों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर 4 फरवरी को रांची में आदिवासी एकता महारैली होगी। इसे लेकर गुरुवार को विभिन्न संगठनों संग पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने विचार मंथन किया। बंधु तिर्की ने आदिवासी एकता महारैली का एकमात्र उद्देश्य आदिवासी समुदाय को एकजुट करना है। आदिवासियों के विकास के साथ ही उन्हें वैसे विभाजनकारी तत्वों से बचाना है, जो केवल सत्ता के लिए लोगों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के बीच फूट डाल कर अपने स्वार्थ के लिए उन्हें लड़वाने के साथ पिछले विधानसभा चुनाव में अपनी सफलता से बहुत अधिक उत्साहित हैं। वे अपने इस प्रयोग को झारखंड में दोहराना चाहते हैं, ताकि आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव में उन्हें सफलता मिल सके, लेकिन झारखंड के आदिवासी जागरुक और समझदार होने के साथ ही एकजुट भी हैं। संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि आज आदिवासी समुदाय के बीच असंवैधानिक और गैर जरुरी चीजों को भाजपा आरएसएस के द्वारा थोपा जा रहा है। देश में काबिज केंद्र की भाजपा सरकार आदिवासियों के लिए अलग धर्म कोड पर चुप्पी साधे हुए है। भाजपा पूरी तरह आदिवासियों के अधिकारों को खत्म करने पर

### आदिवासी एकता महारैली को लेकर मंथन



आमादा है। प्रो जगदीश लोहरा ने कहा कि आदिवासी समाज को विघटनकारी ताकतों के एजेंडे को ढकेल कर आदिवासी समुदाय की बुनियादी यथार्थवादी तार्किक बातों को सामने लाना है। पूर्व मेयर रमा खलखो ने कहा कि आदिवासी समाज को बांटकर हाशिये में धकेलने की कोशिश जारी है। केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि आदिवासी समुदाय पर आज चौतरफा हमला जारी है। आदिवासी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष जगरनाथ उरांव ने कहा कि आदिवासी जमीन की लूट-खसौट आज बड़ा मुद्दा है। पूर्व टीएसी सदस्य रतन तिर्की ने कहा कि आदिवासी मुद्दों को लेकर व्यापक स्तर पर जन जागरण अभियान चलाना होगा। बैठक में राजेश लिंडा, संजय कच्छप, बेलस तिर्की, दिनेश उरांव, सुरेंद्र तिर्की, रोशन मुंडा, नीरा टोप्पो, मंटू मुंडा, सुका उरांव, शिबू तिर्की, उषा खलखो समेत अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड के 13 आइपीएस का तबादला

# हजारीबाग-धनबाद के एसपी का तबादला

### दो को मिला अतिरिक्त प्रभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने 13 आइपीएस का तबादला किया है। वहीं दो आइपीएस को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीआइडी डीजी के पद पर पदस्थापित अनुराग गुप्ता को एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं सुनील भास्कर को हजारीबाग रेंज का डीआइजी बनाया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना बुधवार देर रात गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी की है।

### 14 आइपीएस को मिला प्रमोशन



राज्य सरकार ने 14 आइपीएस को डीआइजी और आइजी रैंक में प्रोन्नति दी है। इस संबंध में गृह, कारा और आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार माइकल राज एस को बोकारो जोनल आइजी, ए विजय लक्ष्मी को आइजी ट्रेनिंग, नरेंद्र सिंह को रेल आइजी, शैलेंद्र कुमार सिन्हा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग का निदेशक और सुदर्शन प्रसाद मंडल को आइजी सीआइडी बनाया गया है। वहीं दूसरी ओर शैलेंद्र कुमार वर्णवाल को डीआइजी के पद पर प्रोन्नति देते हुए एसआइबी स्पेशल ब्रांच रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। वाई एस रमेश को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए होमगार्ड डीआइजी, कार्तिक एस को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए रेल डीआइजी, मनोज रतन चौथे को डीआइजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए स्पेशल ब्रांच के डीआइजी के पद पर पद स्थापित किया गया है।

### जानें कौन कहां गये

सीआइडी डीजी अनुराग गुप्ता को एसीबी डीजी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एडीजी आरके मल्लिक जैप एडीजी के अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। एडीजी मुख्यालय के पद पर पदस्थापित मुरारीलाल मीणा को एडीजी झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के पद पर पदस्थापित किया गया है। एडीजी तदाशा मिश्रा को रेल एडीजी के पद पर परस्थापित किया गया। एडीजी सुमन गुप्ता को एडीजी आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया गया। प्रिया दुबे को गृह रक्षा वाहिनी और अग्निशमन सेवा रांची के पद पर पदस्थापित किया गया। एडीजी रेल के पद पर पदस्थापित टी कांडासामी को विशेष सचिव गृह कारा और आपदा प्रबंधन के पद पर पदस्थापित किया गया। अखिलेश कुमार झा को रांची जोनल आइजी के पद पर पदस्थापित किया गया। सुनील भास्कर को हजारीबाग रेंज के डीआइजी के पद पर प्रतिस्थापित किया गया। बोकारो डीआइजी मयूर पटेल कन्हैयालाल को जैप डीआइजी के पद पर पदस्थापित किया गया। पाकुड़ एसपी के पद पर पदस्थापित हरदीप पी जनार्दन को धनबाद एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। प्रभात कुमार को पाकुड़ एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। अरविंद कुमार सिंह को हजारीबाग एसपी के पद पर प्रतिस्थापित किया गया। कुमार गौरव को साहिबगंज एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया। धनबाद एसएसपी के पद पर पदस्थापित संजीव कुमार को प्रशिक्षण पूरा करने की शर्त पर डीआइजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआइजी दुमका के पद पर पदस्थापित किया गया। माइकल राज एस को बोकारो जोनल आइजी, ए विजय लक्ष्मी को आइजी ट्रेनिंग, नरेंद्र सिंह को रेल आइजी, शैलेंद्र कुमार सिन्हा को झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग का निदेशक और सुदर्शन प्रसाद मंडल को आइजी सीआइडी बनाया गया है।

# मनरेगा मजदूरी से किस्त चुका रही नेशनल एथलीट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नेशनल एथलीट, झोली में कई मेडल। इसके बाद भी जीविका के लिए मनरेगा मजदूर कर रही है। यह मजबूरी है रांची जिले के बुढ़मू प्रखंड के कोटारी गांव की रहने वाली सीता कुमारी मुंडा की। झारखंड की यह बेटी अब मनरेगा में मजदूरी से कर्ज चुका रही है। गोल्डन गर्ल के संघर्ष की कहानी बेहद अनोखी है और हर विपरीत हालत से प्रेरणा देने वाली है। उन्होंने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बाधा दौड़, रेस, ट्रिपल जंप में 17 मेडल जीते हैं। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर 13 मेडल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार, दो गोल्ड और दो रजत मेडल शामिल है। सीता कुमारी मुंडा ने

### गोल्डन गर्ल सीता का अनोखा संघर्ष

बताया कि उन्होंने प्राइमरी शिक्षा प्राथमिक मध्य विद्यालय सिदरौल से की। प्रखंड के राजीव गांधी हाइस्कूल बुढ़मू से मैट्रिक और मांडर कॉलेज से बीए किया। पैसे की तंगी दूर करने के लिए मनरेगा के माध्यम से गांव में मजदूरी की। दूसरे के खेत में 200 रुपये में धान रोपे और काटे हैं। गांव में बन रहे इंदिरा आवास में मजदूरी भी की है। राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं करती आ रही हैं। वहीं होनहार खिलाड़ियों के मेडल जीतने पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि का भी प्रावधान है। राज्य के खिलाड़ियों को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए सरकार की पैनी नजर है। लेकिन खेल विभाग कुछ खिलाड़ियों के करियर के प्रति बेपरवाह बना हुआ है।

### सीता ने इन खेलों में जीते हैं 17 मेडल

सेकेंड झारखंड स्टेट मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप जमशेदपुर में 200 मीटर रेस में रजत, सेकेंड नेशनल वेटेरेंस स्पोर्ट्स एंड गेम्स चैंपियनशिप 2022 में नासिक में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक, 80 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य, रिले दौड़ में स्वर्ण पदक और कांस्य पदक। सेकेंड नेशनल वेटरेंस स्पोर्टस एंड गेम्स चैंपियनशिप नासिक में 100 मीटर बाधा दौड़ में गोल्ड मेडल। द्वितीय विमेन मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप हैदराबाद 2022 में 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक और 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक। फोर्थ नेशनल मास्टर्स गेम्स तिरुवनंतपुरम केरल मई 2022 में 2000 स्टे पुल चेस रेस में स्वर्ण पदक और रिले दौड़ में दो कांस्य पदक। फर्स्ट ओपेन इंटरनेशनल मास्टर्स चैंपियनशिप दुबई 2023 में 80 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक, ट्रिपल जंप में स्वर्ण पदक, गोला फेंक (शॉटपुट) सिल्वर मेडल और लॉग जंप में सिल्वर मेडल।

### हर रोज कमाती हैं 200 रुपये

सीता कुमारी मुंडा ने राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन करने के लिए महिला समूह से एक प्रतिशत ब्याज पर 5 लाख लोन लिया और देश और राज्य का नाम रोशन किया। उन्होंने कई खेलों में अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अब कर्ज चुकाने के लिए मनरेगा में मजदूरी करके प्रतिदिन 200 रुपये कमाती है।

# सड़क हादसे में रांची के चार की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गयी है। तेज रफ्तार कार के बिजली के पोल में जोरदार टक्कर मारने के कारण यह हादसा हुआ है। कार पलटने से ड्राइवर समेत सभी चार लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इन्हें रिम्स भेजा गया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। मृतक बरियातू बस्ती-ओरमांझी के रहनेवाले थे। सदर थाना प्रभारी लक्ष्मीकांत ने बताया कि लगभग दो बजे रात्रि की घटना है। स्विफ्ट डिजायर कार से राजू साह को छोड़ने के लिए ओरमांझी जा रहे थे। इसी क्रम में चौधरी पेट्रोल पंप और विकास इनक्लेव के बीच सड़क हादसा हो गया।

रांची के सदर थाना क्षेत्र के विकास इनक्लेव बूटी के पास रांची-हजारीबाग रोड पर देर रात सड़क हादसा हुआ है। इस हादसे

### तेज रफ्तार कार के उड़े परखच्चे

में कार चालक समेत कार में बैठे अन्य तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतकों में ओरमांझी निवासी राजू साह, बरियातू निवासी अफरोज आलम, साबिर अंसारी और अमीर हुसैन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये सड़क दुर्घटना रात करीब दो बजे की है। कार सवार ओरमांझी जा रहे थे। इसी दौरान वे सड़क हादसे के शिकार हो गये।

### हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस

सड़क दुर्घटना की आवाज सुन कर अगल-बगल के ग्रामीण घटनास्थल की तरफ दौड़े। इसके साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सदर पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाला और रिम्स भिजवाया। डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

# डीएसपीएमयू के कुलपति को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

### 27, 28 एवं 29 दिसंबर को भुवनेश्वर में आयोजित तीन दिवसीय भारतीय आर्थिक परिषद सम्मेलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** किट्स, भुवनेश्वर में गुरुवार को भारतीय आर्थिक परिषद द्वारा आयोजित 106 वीं बैठक के दौरान डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, किस और किट्स, भुवनेश्वर के संस्थापक और लोकसभा सांसद अच्युत सामंता के द्वारा, कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, किस, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया। यह अवार्ड डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी




विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य को उनके लंबे शैक्षिक और जनसेवा की दिशा में योगदान के लिए प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि आज उन्हें यह सम्मान कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज , भुवनेश्वर के परिसर में 40 हजार आदिवासी विद्यार्थियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि वर्तमान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य एक अर्थशास्त्री होने के साथ-साथ इसके पूर्व में नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय, बिहार और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति और भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति के तौर पर अपनी अकादमिक और प्रशासनिक योग्यता के लिए जाने जाते रहे हैं। इसके अतिरिक्त अपनी लंबी सेवा अवधि के दौरान उन्होंने बिहार के कई महत्वपूर्ण महाविद्यालयों में अपनी सेवाएं प्रदान की है। इसके साथ प्रो तपन कुमार शांडिल्य वर्तमान में भारतीय आर्थिक परिषद के अध्यक्ष के तौर कार्यरत हैं। सम्मानित होने के उपरांत डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि विशेष रूप से किट्स, भुवनेश्वर के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता के हाथों इस तीन दिवसीय आर्थिक परिषद के दौरान यह सम्मान प्राप्त होना एक गौरवान्वित करने वाला पल है। इसके आगे शैक्षिक और सामाजिक दिशा में क्या योगदान दिया जाये, यह चिंतन करने की प्रेरणा मिलती है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के पीआरो प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## कार्यक्रम : एक्का वर्ल्ड में कार्निवल के पहले दिन कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही

# दीपांजलि ग्रुप ने झुमाया, भैंस के साथ सेल्फी खिंचवाने की होड़ रही

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एक्का वर्ल्ड में कार्निवल के पहले दिन गुरुवार को कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही। सबसे पहले ड्रॉइंग कंपटीशन का आयोजन किया गया, जहां बच्चों को पर्यावरण से संबंधित संदेश देने वाला चित्र बनाना था। म्यूजिकल चेयर का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों और बड़ों ने हिस्सा लिया। बेस्ट रिस्ट वॉच कंपटीशन में युवाओं और यूवतियों ने रैंप पर चलकर अपने रिस्ट वॉच की नुमाइश की। चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में बच्चों को कम समय में ज्यादा चॉकलेट खाने की चुनौती थी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया। देर शाम ' घुंघरू टूट गये' गीत पर महिलाओं ने रैंप पर चलकर अपने पायल की नुमाइश की।

आज के सेल्फी टाइम का थीम था- ' अकल बड़ी की भैंस'। लोगों ने भैंस को पुचकारते, सहलाते हुए साथ सेल्फी भी





खींची। आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विपुल नायक के दीपांजलि ग्रुप के द्वारा किया गया डांस शो था। इसमें बच्चों ने गीतों पर जबरदस्त नृत्य पेश किया। इसके बाद डीजे वाले बाबू की बारी थी और डीजे ने सभी लोगों को नये पुराने गीतों के मिश्रण से झूमा दिया। शाम का अंतिम कार्यक्रम आउटफिट कंपटीशन था जहां आज का थीम पीला रंग था। बड़ी संख्या में लोग पीले रंग के परिधान में आये थे।

### प्रतियोगिता के विजेता

ड्राइंग प्रतियोगिता - हरीश, आकाश ,बिकम मुखर्जी, पलक, साध्वी, म्यूजिकल चेयर - सरफोना, सपना, महेंद्र प्रसाद, फरहान, अंकित, नैंसी, इरफान, ऋषिकेश, अमन, अदिति। बेस्ट रिस्ट वॉच प्रतियोगिता -प्रशांत, तनिषा, राजीव। घुंघरू टूट गये - पूजा, अनुराधा, स्नेहा।

कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रतुल शाह देव, डॉक्टर विद्या झा, सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, सौरव, आनंद आदि सक्रिय हैं। इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिक के द्वारा किया जा रहा जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक, अनुष्का, सौम्या, आकाश, आदित्य, पीयूष, आदित्य, अभिषेक प्रसाद, शिवेश, अश्का सिंह, शगुन, अंशु, सलोनी, सत्यम सक्रिय हैं

कार्निवल का मुख्य प्रायोजक शेल्बी डिवाइन हॉस्पिटल है। सह प्रायोजकों में एथर, मोंगिया, कैल्विन एंड हॉब्स, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, टोरेंट बजाज, फिरायलाल, कश्मीर वस्त्रालय, शॉपर्स मार्ट, न्यू वेव टॉर्क, मिक्स रेडीमिक्स, ट्रेड फ्रेंड्स, एक्वा सॉफ्ट, हॉस्पर, फर्स्ट क्राई, जेरी लैंड, श्रीराम मार्केटिंग सर्विसेस, बालाजी फंस्टेटिक आदि हैं। टीवी चैनल पार्टनर न्यूज 11 भारत है। जबकि इवेंट मैनेजमेंट सिनेमैटिक के द्वारा किया जा रहा है।

### 29 दिसंबर के कार्यक्रम

11:30- स्लोगन लिखो प्रतियोगिता
12:00 - जैम शो
12:30 - टैलेंट हंट
2:00 - तेरी बिंदिया रे बेस्ट बिंदी प्रतियोगिता
3:00 - जैम शो
3:30 -चिप्स ईटिंग प्रतियोगिता
4:00 - करण जादूगर का मैजिक शो।
5:00 - 16 साल तक के बच्चों के लिए डांस प्रतियोगिता (थीम-स्ट्रीट डांसर)
6:30 - बेस्ट कपल डांस प्रतियोगिता
7:30 - आउटफिट प्रतियोगिता (थीम रेड कलर)
8:30 - लकी ड्रा

## महत्वपूर्ण खबरें

### कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में गुरुवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसका मुख्य अतिथि बंधु तिर्की और रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष हुसैन खान और कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता-कार्यकर्ता शामिल रहे। इस मौके पर असल पठान, अरबाज तस्लीम, मोजिब मुख्तार, मोहसिन अहमद, मुख्तार अंसारी, कार्यालय प्रभारी मोहम्मद सफर मौजूद रहे।

### सरकार डीलिस्टिंग का फार्मूला लागू करे: धर्मेंद्र



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि दोहरा लाभ लेने के लिए धर्मांतरण का खेल हो रहा है। सरकार आदिवासी का हित चाहती है, तो डीलिस्टिंग का फार्मूला लागू करे। धर्मांतरण और जनजातीय आरक्षण का फॉर्मूला यह कहता है कि बरसों से यह विकराल रूप ले लिया है। जनजातीय समाज वंचित हो गया है। सरकारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। 70 प्रतिशत आरक्षण का लाभ जनजाति की आड़ में मिशनरी के लोग उठा रहे हैं। इसमें राज्य के सभी विभागों में इनका वर्चस्व है। इसलिए जनजाति समुदाय के आरक्षण का लाभ समाज को नहीं मिल रहा है। देश में अधिक नुकसान झारखंड को हुआ है। यही धर्मांतरण का खेल चल रहा है, लेकिन अब नये तरह का आंदोलन करना होगा। कहा कि 23 वर्ष से झारखंड का विकास नहीं हुआ, विकास होगा भी तो कैसे, क्योंकि यहां के आदिवासी समुदाय का हक दूसरे धर्म के लोग ले रहे हैं। सरकार वोट बैंक की राजनीति के तहत चुप है।

### सीएम आवास का घेराव करने जा रहे अध्यापक संघर्ष मोर्चा को पुलिस ने रोका

रांची (आजाद सिपाही)। एसएसपी आवास के पास झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का धरना प्रदर्शन जारी है। संघर्ष मोर्चा ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 28 दिसंबर से घेरा डालो-डेरा डालो कार्यक्रम के अनिश्चितकालीन धरना देने का एलान किया है। गुरुवार को राज्य भर से आये पारा शिक्षकों ने मोरहाबादी मैदान में एकत्रित होने के बाद रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले, लेकिन इस बीच भारी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों ने उन्हें एसएसपी आवास के पास ही रोक दिया। जेटेट पास सहायक अध्यापक सहित पारा शिक्षक अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। दरअसल, इनकी मांग है कि सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत, सभी वांछित अहर्ताओं को पूरा करनेवाले 14 हजार 42 टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे बहाल किया जाये।

### पंचायत सचिवालय सेवा संघ का धरना स्थगित




रांची (आजाद सिपाही)। झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय से पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का शिष्टमंडल गुरुवार को मिला। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार के नेतृत्व में 18 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई । विनोद पांडेय ने आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर है। यह सरकार स्थानीय और मूलवासियों की सरकार है। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का भी कल्याण इसी सरकार के द्वारा किया जायेगा। यह सरकार राज्य के युवा-बेरोजगारों के प्रति सकारात्मक नजरिया रखती है। हम किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने देंगे। विनोद पांडेय के आश्वासन पर आठ जनवरी तक धरना स्थगित करने की घोषणा की गयी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष चंद्रदीप कुमार, प्रदेश सचिव युगल किशोर प्रसाद, कोषाध्यक्ष बाल गोविंद महतो, सुजाता सिंह, विभा रानी, प्रदीप कुमार, रामनिवास तिवारी, मिथुन यादव, रामदीप तिवारी, अनिल ठाकुर, गौतम कुमार कुशवाहा, अब्दुल रशीद समेत अन्य उपस्थित थे।

### आरोप पत्र के पन्नों से अधिक योजनाएं धरातल पर: कांग्रेस

रांची (आजाद सिपाही)। पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी द्वारा गुरुवार को राज्य सरकार के खिलाफ जारी आरोप पत्र पर प्रदेश कांग्रेस ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन सरकार के चार साल बेमिसाल रहे हैं। सरकार ने हर मोर्चे पर राज्य की खुशहाली और तरक्की का एक नया आयाम गढ़ा है। बाबूलाल द्वारा जारी आरोप पत्र पर तंज करते हुए कहा कि इसमें जितने पन्ने हैं, उससे कहीं अधिक महागठबंधन सरकार की विकासशील योजनाएं धरातल पर कार्य कर रही हैं। वे श्वेत पत्र के जरिये जनता को गुमराह न करें। बाबूलाल मरांडी का आरोप पत्र इडी और आइटी से आगे नहीं निकल पाया। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि भाजपा के पास सरकार की नाकामियां गिनाने को कुछ नहीं है। सिर्फ एक विपक्ष की भूमिका अदा करते हुए उन्होंने आरोप पत्र जारी किया है। जहां एक ओर सरकार ने रोटी, कपड़ा और मकान देने का काम किया है। वहीं सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में युनिर्वसल पेंशन जैसा सुरक्षा कवच देने का भी काम हुआ है।

### अमन को पकड़नेवाली महाराष्ट्र एटीएस टीम को एडीजी ने किया सम्मानित

रांची (आजाद सिपाही)। डीजीपी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधी अमन श्रीवास्तव को पकड़ने वाले महाराष्ट्र एटीएस टीम को गुरुवार को एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर ने प्रशस्ति पत्र और दो लाख रुपये देकर सम्मानित किया। इस दौरान महाराष्ट्र एटीएस डीजी सदानंद दाते और स्पेशल पुलिस महानिरीक्षक एटीएस अनिल कुम्भारे की उपस्थिति में महाराष्ट्र एटीएस के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में झारखंड के एडीजी अभियान संजय आनंदराव लाठकर की ओर से अभियान में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को झारखंड डीजीपी ने प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार दिया गया।

### टुसू महोत्सव का आयोजन 13 जनवरी को

रांची (आजाद सिपाही)। टुसू पर्व की पूर्व संध्या पर 13 जनवरी को मोराबादी मैदान में टुसू महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसे लेकर बैठक का आयोजन 31 दिसंबर को 11.30 लालपुर स्थित सिटी पैलेस होटल सभागार प्रथम तल्ला में किया गया है। इसमें कार्य विवरण और रूपरेखा की तैयारी की जायेगी। साथ ही तैयारी समिति का गठन भी किया जायेगा। यह जानकारी कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW


## महत्वपूर्ण खबरें

### वेटलिफ्टिंग में अनुपम ने झारखंड को दिलाया कांस्य

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में गुरुवार का दिन झारखंड के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा। बीकानेर में जारी इस प्रतियोगिता में भारोत्तोलन में अनुपम कुमारी ने झारखंड के खाते में एक कांस्य पदक दिलाया और झारखंड का शान बढ़ाया। इस जीत की खुशी में स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग के शिक्षा सचिव के रवि कुमार, परियोजना निदेशक किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन, कोच रंजीत मिश्रा, कुणाल दीप और स्पोर्ट्स सेल के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

### एनआइए ने झारखंड पुलिस को लिखा पत्र

रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने झारखंड पुलिस से इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, एएसआइ और कांस्टेबल को प्रतिनियुक्ति पर भेजने को कहा है। इसको लेकर एनआइए ने मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा है कि एनआइए के विभिन्न ब्रांचों में 43 इंस्पेक्टर, 51 सब इंस्पेक्टर, 13 एएसआइ और 12 हेड कांस्टेबल की प्रतिनियुक्ति की जरूरत है। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एनआइए की आधिकारिक वेबसाइट के जरिये इन पदों पर आवेदन दे सकते हैं।

### यात्रीगण ध्यान दें: रांची-गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन अब मधुपुर से

रांची (आजाद सिपाही)। गिरिडीह-रांची वाया कोडरमा, धनवार न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन मधुपूर से होने की स्वीकृति मिल गयी है। इसे जुड़ा पत्र इस्ट रेल जोन के जीएम के निर्देश पर रेलवे कोचिंग के उपनिदेशक राजेश कुमार ने जारी कर दिया है। जारी पत्र में उपनिदेशक राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि न्यू इंटरसिटी एक्सप्रेस रांची-गिरिडीह ट्रेन नंबर 18617 और 18618 का गिरिडीह स्टेशन से होने के बजाय मधुपूर स्टेशन से होगा। रांची से सुबह खुलने के बाद ट्रेन दोपहर तीन बजे मधुपूर से खुलेगी।

### साईं फ्लावर एंड टीम थर्टी फर्स्ट नाइट पार्टी आयोजन की तैयारी में जुटा

रांची (आजाद सिपाही)। नये साल के आगमन को लेकर सभी लोगों में उत्साह चरम पर है। लोग इस लम्हे को सेलिब्रेट करने की तैयारी में जुट गये है। साई फ्लावर एंड टीम द्वारा 31 दिसंबर को देर शाम बरियातू स्थित मैथन बेंक्योट हॉल में थर्टी फर्स्ट नाइट पार्टी का आयोजन किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को इवेंट का पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर प्रदीप सरकार, सत्यम सत्यदर्शी, शिवम मनोहरण, मुकेश नायक, जय श्रीवास्तव और अमिताभ धीरज मौजूद थे। विमोचन के मौके पर प्रदीप सरकार, शिवम मनोहरण और सत्यम सत्यदर्शी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि यहां के लोग खुशी से इस साल को विदा कहें और आने वाले वर्ष का सौहार्दपूर्ण उत्साह से स्वागत करें। मुंबई और कोलकाता से आये कलाकार रात भर लोगों को झुमायेंगे। इसके साथ ही नये वर्ष के स्वागत में होने वाली आतिशबाजी मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें तरह तरह के स्वादिष्ट व्यंजन भी उचित मूल्य पर उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि अलग अलग श्रेणी के टिकट है, जिसमे कई व्यंजन भी श्रेणी के हिसाब से शामिल है।इसका आयोजन साई फ्लावर और इवेंट मेनिया के द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 31२३ नाइट सेलिब्रेशन के लिए टिकट काउंटर मैथन बेंक्योट हॉल और मेनिया इवेंट के काउंटर से प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए 7992230712, 7677766637 और 8226911111, 9934346638 पर संपर्क कर सकते हैं।

### राजद नेता ने उपश्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। राजद नेता प्रदेश महासचिव पुरेंद्र नारायण सिंह ने निजी सुरक्षा एजेंसियों में कार्यरत गार्ड को निर्धारित वेतन से कम भुगतान और अन्य समस्या की शिकायत को गंभीरता से लिया। इस संदर्भ में उन्होंने उपश्रमायुक्त राकेश प्रसाद से मिलकर ज्ञापन सौंपा। तत्काल निजी कंपनियों और सुरक्षा एजेंसी को जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने का मांग की। उपश्रमायुक्त ने इसे गंभीरता से लिया। कोल्हान प्रमंडल क्षेत्र में चल रहे सभी निजी कंपनियों और सुरक्षा एजेंसियों को जांच करने का आदेश श्रम अधीक्षक अविनाश ठाकुर और अरविंद कुमार को दिया। राकेश प्रसाद ने भी बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाये जाने वाले निजी सुरक्षा एजेंसियों पर श्रम नियोजन नियम कानून के तहत शीघ्र ही कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी।


### पीएचडी प्रवेश परीक्षा में 32 फीसदी पास

रांची (आजाद सिपाही)। रांची यूनिवर्सिटी की ओर से पिछले दिनों पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यहां 22 विषयों में कुल 633 सीटों पर एडमिशन के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी थी, लेकिन यूनिवर्सिटी की 633 सीटों में से 204 अभ्यर्थी ही सफल हुए। 429 सीटें खाली रह गयीं। इस परिणाम के बाद अभ्यर्थियों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन पर आरोप लगाया है कि पीएचडी इंट्रेंस में पारदर्शिता नहीं बरती गयी थी। यूजीसी नेट समेत अन्य प्रतियोगी मिला कर सह नियुक्ति परीक्षाओं में परीक्षा के बाद प्रोविजनल आंसर की जारी की जाती है। अभ्यर्थी आंसर का इंतजार कर रहे थे कि फाइनल रिजल्ट आ गया। अभ्यर्थियों ने विवि प्रशासन इस मामले में समुचित निर्णय लेने का अपील की है।

### छात्र संगठनों ने ताला जड़ा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के मल्टी पर्पस भवन में गुरुवार को छात्र संगठनों ने ताला जड़ दिया। छात्र संगठनों ने पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम और रिजल्ट में अनियमितता का आरोप लगाया है। छात्र संगठन के लोगों का कहना है कि यूनिवर्सिटी ने 27 दिसंबर को जो रिजल्ट जारी किया है, वह अधूरा है। उन्होंने कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से रिजल्ट की कॉपी दिखाने की मांग की है। उनका कहना है कि आरयू ने परीक्षा का न तो आंसर की जारी किया और ना ही कार्बन कॉपी दी।

### अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष चुने गये पवन जेडिया



रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा की बैठक शुक्रवार को हरमु रोड में हुई। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा ने पवन जेडिया को झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। इस दौरान अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा द्वारा उम्मीद जतायी गयी कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बिना किसी भेदभाव के संगठन की एकता और अखंडता को बनाये रखने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे, साथ ही समाज को एक बेहतर नेतृत्व प्रदान करेंगे। पवन जेडिया को अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर केंद्रीय अध्यक्ष आरपी रंजन, केंद्रीय उपाध्यक्ष नंदू प्रसाद, डॉ रिशु नायक, केंद्रिय महासचिव डॉ राज किशोर राम सहित महासभा के सभी पधाधिकारी और सभी जिलों के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## कांग्रेस ने मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस

# कांग्रेस की नीति को जन-जन तक पहुंचायें: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी का 139वां स्थापना दिवस रांची स्थित कार्यालय में गुरुवार को मनाया। प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने झंडोत्तोलन किया और गार्ड ऑफ ऑनर सेवादल के प्रदेश महासचिव छोटू सिंह ने दी। मौके पर बंधु तिर्की ने सभी को कांग्रेस स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि 138 वर्ष पूर्व 28 दिसंबर 1885 को स्थापित कांग्रेस की चुनौती आज बहुत बढ़ गयी है। देश को विभाजनकारी शक्तियों के साथ ही अलगाववादी विचारधारा से बचाना और उन मूल्यों की रक्षा करना हम कांग्रेसियों की बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसके आधार पर स्वतंत्रता की लडाई लड़ी गयी और आजादी के तत्काल बाद देश का महानिर्माण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में भारत को विकसित बनाने का जो महाभियान प्रारंभ हुआ, उसी के कारण हमारा देश दुनिया की महत्वपूर्ण शक्तियों में शामिल हुआ। उन्होंने कहा कि 5.5 करोड़ से अधिक कांग्रेस के सदस्य हैं। हमारी विचारधारा कश्मीर से कच्छ और कन्याकुमारी से मणिपुर तक फैली है। हमारी जड़ भारत की मिट्टी के कण-कण में है। धर्मनिपेक्षता, नागरिक राष्ट्रवाद, उदारवाद, आर्थिक उदारवाद हमारा आधार है। अंतरराष्ट्रीय सौहार्द्रपूर्ण संबंधों और प्रगतिशील गठबंधन को कांग्रेस सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। तिर्की ने कहा कि देश को कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों की सबसे ज्यादा आवश्यकता है। कांग्रेस पार्टी का लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है। देश को एकजुट रखते हुए विकास के पथ पर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि हम लोग ऐसी राष्ट्रीय पार्टी के सदस्य हैं, जिसका गौरवमय इतिहास रहा है। त्याग और बलिदान के कई उदाहरण दिये हैं। आने वाला वर्ष 2024 पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। देश में आम चुनाव होना है और झारखंड में भी चुनाव होना है। आग्रह होगा कि हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नीति-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाये।

**इनकी रही मौजूदगी :** इस अवसर पर केशव महतो कमलेश, अमूल्य नीरज खलखो, मदन मोहन शर्मा, विनय सिन्हा दीपू, सतीश पॉल मुंजनी, गीताश्री उरांव, आभा सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

## रेरा के चेयरमैन, शेखर और दीपक रूंगटा के बीच मिलीभगत, अधिवक्ता ने लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अधिवक्ता परितोष राय ने रेरा में चल रहे एक मामले की निष्पक्षता पर संदेह जताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि रेरा के चेयरमैन, शेखर और दीपक रूंगटा के बीच मिलीभगत है। रूंगटा ने अपने हितों की रक्षा के प्रयास में कथित तौर पर ऑर्किड डवेलर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रतिनिधियों के खिलाफ झूठी प्राथमिकी दर्ज की है। आरके चौधरी (रेरा अध्यक्ष) के पुत्र शितांशु शेखर कथित तौर पर दूसरे पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ऑर्किड डवेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रिंस अजमानी का प्रतिनिधित्व परितोष राय कर रहे हैं। उन्होंने अदालती कार्यवाही के दौरान शारीरिक हमलों, अपमानजनक भाषा और धमकियों के लिए रांची के कोतवाली थाना में 12 दिसंबर को एक प्राथमिकी (संख्या 400/2023) दर्ज की है। इसके बाद से स्थिति और गंभीर हो गयी है। इस मामले में निष्पक्षता पर संदेह पैदा हो रहा है। परितोष राय ने कहा कि काउंटर केस उन पर दबाव डालने के लिए किया गया है।

## रातू रोड फ्लाई ओवर निर्माण को लेकर रूट डायवर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के रातू रोड फ्लाई ओवर निर्माण के मद्देनजर किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क के बीच पिलर सहित अन्य कार्य किया जाना है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस से निर्माण करनेवाली कंपनी ने सहायता मांगी है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने ट्रायल के तौर पर दो दिनों का समय लेकर कुछ जगहों पर ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया है। यह प्रक्रिया गुरुवार सुबह आठ बजे से शुरू हो गयी है, जो शुक्रवार तक चलेगी।

## झारखंड में भी सजेगा राम दरबार

**एक से 15 जनवरी तक निमंत्रण पत्र बांटे जायेंगे**

**शहर से लेकर गांव तक पूरी है तैयारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस आयोजन को लेकर पूरे देश में तैयारी चल रही है। इस तैयारी में झारखंड समेत राजधानी रांची भी लगी है। श्रीराम मंदिर अयोध्या से आये अभिमंत्रित अक्षत राजधानी रांची के विभिन्न मंदिरों में रखे जा रहे हैं। लोगों को इसके दर्शन भी कराये जा रहे हैं।

प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर विश्व हिंदू परिषद और भाजपा की ओर से तमाम तैयारियां की जा रही हैं। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री झारखंड रंगनाथ महतो ने कहा कि एक से 15 जनवरी तक निमंत्रण पत्र बांटे जायेंगे। उन्होंने बताया कि देश से लेकर गांव तक के लिए मंदिर कार्यक्रम की एक केंद्रीय योजना बनायी गयी है। इसी के अनुसार काम किया जा रहा है। केंद्रीय कार्ययोजना के मुताबिक चार चरणों में काम किया जायेगा। इसी के मुताबिक भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाया जायेगा। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सहमंत्री झारखंड रंगनाथ महतो ने पूरी कार्ययोजना बतायी। बताया कि 21 जनवरी को सुबह से गांव तक के मंदिरों की साज-सज्जा होगी। विभिन्न तरह के धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में जब प्राण-प्रतिष्ठा और आरती होगी। ठीक उसी समय हर मंदिरों में आरती और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। आमजन से अपील है कि इस दिन जिस गांव में वे रहे उसे अयोध्या माने और जिस मंदिर में रहें, उसे राम मंदिर मानते हुए कार्यक्रम में शामिल हों।

बताया कि संगठन के अनुसार रांची महानगर को 16 नगरों में बांटा गया है। इन 16 नगरों में 167 बस्ती है, जहां के हर घर में निमंत्रण पत्र बांटा जायेगा। ये 16 नगर हैं-अगाशे नगर, बाल्मीकि नगर, शिवाजी नगर, गांधी नगर, राम नगर, चाणक्य नगर, माधव नगर, विक्रम आदित्य नगर, प्रताप नगर, गौतम बुध नगर, स्वामी विवेकानंद नगर, विश्वकर्मा नगर, गोविंद नगर।

## बच्चों को नजदीक के स्कूल में ही दाखिला करायें : आलोक



**लिटिल एंजल्स स्कूल में कार्यक्रम**

**शिक्षा के साथ खेल का भी जीवन में बड़ा महत्व है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुंदाग स्थित लिटिल एंजल्स हाइस्कूल में गुरुवार को खेलकूद-सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम सहित विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया। मुख्य अतिथि पासवा के अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल का भी जीवन में बड़ा महत्व है। खेल से मानसिक, सामाजिक और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। निजी विद्यालय सीमित संसाधनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हैं। गली-मुहल्ले में चलनेवाले स्कूलों के बच्चे भी आज हर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि प्राइवेट स्कूल में पढ़ने वाले गरीब बच्चों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाये। विशिष्ट अतिथि फलक फातिमा ने कहा कि लिटिल एंजल्स हाइस्कूल के बच्चों का परफारमेंस देख कर खुशी हुई। पढ़ाई के साथ स्पोर्ट्स भी जरूरी है। निदेशक मसूद कच्छी ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है। इस मौके पर मास्टर उस्मान, मास्टर महताब, गुलाम गौस, कहकशा मसूद, रानी तबस्सुम, सुशीला बेबी, नेहा परवीन, सिमरन कुमारी, अमित कुमार, नासिर हुसैन, राज दिलशाद, अदनान हसन, सोनो कुमार, राणा कुमार, स्वाती पम्मा, अल्वीना मसूद, साद त्लहा मसूद समेत अन्य उपस्थित थे।

## पेज 1 का शेष...

### जो काम किया, जमीन पर किया...

हमारी सरकार धीरे-धीरे ही सही, झारखंड की जड़ को मजबूत करने पर लगी है। आने वाले कुछ वर्षों में हम इस राज्य को अपने बल पर खड़ा करने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**सरकारी कर्मियों का रखा ध्यान :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य में महत्वपूर्ण राज्य सरकार के अंश के रूप में कार्य कर रहे कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों, शिक्षकों आंगनबाड़ी कर्मियों सहित कई वर्ग के अनुबंधकर्मियों की पुरानी मांगों को पूरा करने का काम किया है। सिर्फ राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश में सरकार के कर्मियों ने पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर सड़कों पर आंदोलन किया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां पुरानी पेंशन योजना लागू हुई है। हमारी सरकार ने झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना लागू करने का काम कर दिखाया है। सर्वजन पेंशन योजना लागू करने वाला झारखंड पूरे देश में पहला राज्य है। वर्तमान समय में हमारे राज्य में 60 वर्ष से ऊपर सभी बुजुर्ग महिला-पुरुष, विधवा, दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा से जोड़ने का कार्य कर दिखाया है। हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता में लेकर इसके दायरे को बढ़ाने पर बल दिया है।

**आने वाली पीढ़ी को सश्कत बना रहे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार आने वाली पीढ़ी को सशक्त करने के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने झारखंड के सरकारी स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि की है। वहीं सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से बच्चियों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत सभी पात्र बच्चियों को आर्थिक सहयोग किया जा रहा है, ताकि उनकी पढ़ाई बीच में रुके नहीं। जो छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा हेतु विदेश में पढ़ाई करना चाहते हैं, उन्हें भी मरंग गोमके पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दिया जा रहा है। राज्य में किसानों की ऋण माफी, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सरकारी उपक्रमों में विभिन्न पदों पर नियुक्ति, प्रत्येक विभागों की नियुक्ति नियमावली बनाने, उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन, बेहतर उद्योग नीति के साथ-साथ कई विभिन्न क्षेत्रों में बहुत सारे कार्य किये गये हैं।

**इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान दे रहे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी ध्यान दे रही है। सड़क, पुल, फ्लाइओवर, बिजली, पानी सभी क्षेत्र में काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां हाइड्रोजन इंजन का निर्माण किया जायेगा। इसके लिए टाटा कमिन्स के साथ एमओयू हो चुका है। कई औद्योगिक संस्थानों द्वारा उद्योग स्थापित करने की कार्य योजना पाइपलाइन पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची शहर वासियों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए रांची शहर में फ्लाइओवर का जाल बिछाया जा रहा है। एक सवाल के जवाब में सीएम हेमंत सोरेने ने कहा कि विकास निरंतर चलनेवाली चीज है, इससे चुनाव का कोई मतलब नहीं है। 100 प्रतिशत की गारंटी तो नहीं देता, लेकिन योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

**आमंत्रण मिला, तो जरूर जाउंगा :** एक सवाल पर मुख्ययमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि उन्हें अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने को लेकर न्योता नहीं आया है। उन्होंने कहा कि अगर न्योता आयेगा तो जरूर जायेंगे। मैं तो मंदिर जाता हूं। मस्जिद जाता हूं। गुरुद्वारा भी जाता है। मैं सभी जगह जाता हूं।

## झारखंड के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी में प्रमोशन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राज्य के 93 इंस्पेक्टर को डीएसपी रैंक में प्रोन्नति मिली है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है। प्रमोशन पानेवालों में डेविड सुनील कुमार मिंज, राजबल्लभ पासवान, लक्ष्मण प्रसाद, अरुणा मिश्रा, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक पासवान, अनिल एक्का, अटल शांडिल्य, किशोर तिर्की, सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रभात कुमार सिंह, गोवर्धन उरांव, अजीत अरुण एक्का, सुधीर सुरीन, मुनु टुडू, नलिन कुमार मरांडी, अर्जुन पूर्ति, राइफल मुर्मू, चंद्रमोहन हांसदा, रामजी महतो, अलबिनुस इंदवार, बैजू उरांव, प्रकाश टोप्पो, अनूप बीपी केरकेट्टा, संतोष कुमार, दीपाली नायक, सतीश कुमार सिन्हा, मणिभूषण प्रसाद, वेंकटेश कुमार, मनोज कुमार सिंह, निवास सिंह, रमाकांत तिवारी, जय गोविंद प्रसाद गुप्ता, शैलेश कुमार चौहान, संजय कुमार, मुन्ना प्रसाद गुप्ता, रमेश कुमार, संजय कुमार, श्रीनिवास, राजीव रंजन लाल, सुनील कुमार चौधरी, संजीव कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, विद्या शंकर, राजकुमार यादव, सुधीर कुमार चौधरी, कृष्ण मुरारी, आबिद खान, शिव प्रकाश कुमार, नीरज कुमार, प्रभास नाथ मिश्रा, राम नारायण चौधरी, विजय रंजन कुमार, नीरज, शंकर कामती, मंजू कुमारी कश्यप, सुमन कुमार सुमन, यदु साव, इंद्रदेव राम, अजय कुमार केसरी, अरविंद कुमार सिंह, निरंजन तिवारी, अरविंद कुमार, कौशलेंद्र कुमार झा, मनोज कुमार ठाकुर, राजेश कुमार सिन्हा, भरत राम, शिवपूजन बहेलिया, दीपक कुमार, झानो हांसदा, राधेश्याम दास, राजेंद्र कुमार दास, बिनेश लाल, राजेश प्रसाद रजक, राजेश कुमार, बिरजू गोंझू, विश्वनाथ सिंह, सत्येंद्र प्रसाद, अशोक कुमार राम, बनारसी प्रसाद, दयानंद आजाद, सुजीत राय, धर्मदेव पासवान, बालकृष्ण भगत, नोएल भूषण मिंज, वीरेंद्र टोप्पो, बुधराम उरांव, जयप्रकाश टोप्पो, सावना खड़िया, परमेश्वर लेयांगी, सुलेखा इसाबेला टुडू, गंदरु भगत और नयन सुख दादेल शामिल हैं।

# युवाओं की नसों में घुल रहा नशा, खुलेआम बिक्री

**स्कूल-कॉलेजों के युवा सबसे ज्यादा प्रभावित, पुलिस बेफिक्र**

आर्यन वर्मा



**रांची (आजाद सिपाही)।** सूखे नशे ने लोगों का सुख चैन तो छीन ही लिया है। अब लोगों के वंश और नस्लों पर भी बन आयी है। शराब के बाद सूखा नशा युवाओं की नसों में इस कदर दौड़ने लगा है कि परिवार के परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गये हैं। राजधानी रांची भी अब इससे अछूता नहीं रहा है। रांची के चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक में सस्ते और सुलभ नशे का कारोबार फल-फूल रहा है। शहर में चाय की टपरी की आड़ में युवाओं को हरी और सफेद पुड़ियों में गांजा और ब्राउन सुगर परोसा रहा है। सब कुछ स्पष्ट होते हुए भी पुलिस मौन है। सस्ते और सुलभ नशे का कारोबार सिर चढ़कर बोल रहा है। सूखे नशे की लत में युवाओं का भविष्य अंधकार में पहुंच रहा है और आबकारी और पुलिस इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। शहर में चाय की बिक्री की आड़ में युवाओं को हरी और सफेद पुड़ियों में गांजा और ब्राउन सुगर परोसा जा रहा है। नशे की ऐसी लत लग चुकी है कि सुबह से ही स्कूल और कालेजों के युवा पान की दुकानों पर परिक्रमा करते नजर आते हैं। सब कुछ स्पष्ट होते हुए भी पुलिस चुप्पी साधे हुए है।

### चाय की दुकानों पर खुलेआम सप्लाई

धूम्रपान, चरस, गांजा, चरस और ब्राउन सुगर का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। स्कूल-कालेजों के सामने थैले में पुड़िया रखकर नशा कारोबारी धूमते नजर आते हैं। युवाओं को गांजा की पुड़िया 80 रुपये और ब्राउन सुगर 300 रुपये में 10 ग्राम मुहैया करा दी जाती है।

**ब्रेड पर विक्स और हाथों में इंजेक्शन :** युवाओं को सूखे नशे की ऐसी लत लग चुकी है कि स्मैक, चरस और ब्राउन सुगर-गांजा बेअसर होने के बाद अब युवा घातक नशा करके जीवन को भी संकट में डाल रहे हैं। नशेड़ी युवा अब ब्रेड पर विक्स लगाकर उसमें स्मैक मिलाकर और साथ में इंजेक्शन लगाते हैं। इससे करीब आठ घंटे तक नशे का असर रहता है। नशीली टेबलेट मेडिकल स्टोर पर आसानी से मुहैया हो रही है।


AFFIDAVIT

I, Mannu Choudhary, W/o Kishor Kumar Choudhary, R/o Choudhary Niwas, Jai Mata Di Road, Near P.D.D.U College, Lalu Khatal Road, Bariatu, Ranchi.That in my aadhar card (8267 4750 0223) my name has been wrongly mentioned as Manju Choudhary which is wrong name. My correct name is Mannu Choudhary & date of birth 12.02.1966 mentioned in my educational certificate. Vide Affidavit No. 1709 dated- 27 December 2023. After this affidavit i will be known as Mannu Choudhary for all purposes.

# पाक : राजनीति में आतंकी

पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले चुनाव में 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मास्टरमाइंड माने जाने वाले हाफिज सईद की पार्टी भी हिस्सा लेने वाली है। ध्यान रहे, लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद को संयुक्त राष्ट्र ने भी आतंकवादी घोषित कर रखा है। टेरर फंडिंग से जुड़े कई केसों के सिलसिले में वह अभी जेल में है। अगर जेल में रहते हुए भी हाफिज सईद इस कदर सक्रिय हो सकता है कि उसके इशारे पर उसके लोग पार्टी बना कर चुनाव में उतर पड़ें, तो इससे साफ हो जाता है कि उसकी कैद को दिखावा यों ही नहीं कहा जाता। खास बात यह कि उसका ताजा कदम पाकिस्तान के मौजूदा राजनीतिक समीकरणों में भी फिट बैठता दिख रहा है। यह कोई रहस्य नहीं है कि पाकिस्तान में परदे के पीछे से राजनीति की मुख्य सूत्रधार सेना ही होती है। चाहे नवाज शरीफ हों या इमरान खान या कोई और जो भी सेना की नजरों से उतरा, उसे सत्ता से भी हटना पड़ा। मगर पाकिस्तान की राजनीति अभी ऐसे मोड़ पर आ गयी है, जिसमें चुनावी मुकाबले में शामिल दोनों प्रमुख दलों के सर्वोच्च नेता सेना से खार खाये बैठे हैं। इमरान खान तो पिछले कुछ समय से सेना के राजनीतिक वर्चस्व को खुली चुनौती दे ही रहे हैं पीएमएल नेता नवाज शरीफ भी सेना से अपने पुराने रिश्तों की कड़वाहट भूल नहीं पा रहे। हाल के उनके बयान इसकी पुष्टि करते हैं। ऐसे में यह देखना अहम हो जाता है कि हाफिज सईद की नवगठित पार्टी न केवल अधिकतर सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार रही है बल्कि दोनों पूर्व प्रधानमंत्रियों के लिए निजी तौर पर भी चुनौती खड़ी करने जा रही है। इस नयी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) का अध्यक्ष खालिद मसूद सिंधु खुद नवाज शरीफ के खिलाफ खड़ा होगा। इमरान खान के खिलाफ हाफिज सईद के बेटे तल्हा सईद को लड़ाने की तैयारी है। जानकार इसे सेना की ओर से सत्ता के दोनों प्रमुख दावेदारों पर दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देख रहे हैं। हाफिज सईद और अन्य आतंकी तत्व पाकिस्तान में चुनाव के जरिए सत्ता तक पहुंचने की कोशिश पहले भी कर चुके हैं। 2018 के आम चुनावों में हाफिज सईद ने अल्ला-हू-अकबर तहरीक पार्टी के बैनर तले देश भर में उम्मीदवार खड़े किये थे, पर एक भी सीट नहीं मिली। एक अन्य आतंकी संगठन अहल-ए-सुन्नत बल जमात ने डेढ़ सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारे और इसी गति को प्राप्त हुआ। साफ है कि अभी तक आतंकवादी संगठनों को जनता का विश्वास हासिल नहीं है। यह बात आश्वस्त करती है। फिर भी याद रखना चाहिए कि इन आतंकी संगठनों का राजनीतिक इस्तेमाल करना आग से खेलने जैसा है।

**2018 के आम चुनावों में हाफिज सईद ने अल्ला-हू-अकबर तहरीक पार्टी के बैनर तले देश भर में उम्मीदवार खड़े किये थे, पर एक भी सीट नहीं मिली। एक अन्य आतंकी संगठन अहल-ए-सुन्नत बल जमात ने डेढ़ सौ सीटों पर प्रत्याशी उतारे और इसी गति को प्राप्त हुआ।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य से जुड़े जम्मू और कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक, 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2023 पारित हो गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश, सरकार की तैयारियों और कार्रवाई से जम्मू-कश्मीर को अपनी बपौती समझने वाले चंद राजनीतिक परिवार और दल बहुत बेचैन हैं। अदालत के फैसले से उनकी बची-खुची उम्मीदें भी दफन हो गयी हैं।**

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले से हताश अलगाववादी

**राजेश माहेश्वरी**



बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट द्वारा जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाली धारा 370 को समाप्त करने और राज्य का विभाजन किए जाने के फैसले को सही बताए जाने के बाद घाटी में सक्रिय भारत विरोधी ताकतों की बौखलाहट में इजाफा हुआ है। अदालत के आदेश पर केंद्र ने विधानसभा चुनाव करवाने की दिशा में भी कदम बढ़ा दिए हैं। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य से जुड़े जम्मू और कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक, 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन संशोधन विधेयक, 2023 पारित हो गए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश, सरकार की तैयारियों और कार्रवाई से जम्मू-कश्मीर को अपनी बपौती समझने वाले चंद राजनीतिक परिवार और दल बहुत बेचैन हैं। अदालत के फैसले से उनकी बची-खुची उम्मीदें भी दफन हो गयी हैं।

5 अगस्त, 2019 को धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की राजनीति पर कुंडली मारकर बैठे दल धमकियां देने पर उतर आए थे। गुस्से और बौखलाहट में उन्होंने क्या कुछ नहीं बोला। लेकिन मोदी सरकार ने इस सारी स्थिति को बड़ी सूझबूझ से संभाला। मोदी सरकार के धारा 370 को हटाने के फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया गया। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं के निपटारे तक घाटी में कार्यरत पाकिस्तान समर्थक नेताओं और संगठनों की उम्मीदें जीवित थीं, किंतु फैसला आने के बाद वे हताश हो उठे।

**धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद घटा है।**

जम्मू अंचल में विधानसभा सीटें बढ़ जाने से अलगाववादी काफी चिंतित हैं। राज्य की राजनीति में घाटी का जो दबदबा था, वह खत्म तो मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही होने लगा था, रही-सही कसर पूरी हो गई धारा 370 हटाए जाने के बाद बने हालातों से। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद यह साफ हो गया है कि कोई ताकत दोबारा 370 लागू नहीं कर सकती। बीते काफी समय से घाटी में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी निर्दोष नागरिकों व पुलिस कर्मियों के साथ ही छुट्टी पर घर लौटे फौजी को भी अपना निशाना बना रहे हैं। अदालत के फैसले के बाद अलगाववादियों में उपजी निराशा से घाटी में फौजी काफिले पर हमले जैसी घटनाएं देखने को मिल रही हैं। लेकिन मस्जिद में अजान दे रहे पूर्व पुलिस अधिकारी की हत्या निश्चित रूप से साबित करती है कि आतंकवादी बदहवासी पर उतर आए हैं।

सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई के प्रभावी कार्यान्वयन के बाद आतंकवादी लगातार कमजोर बिंदुओं की तलाश कर रहे हैं। कभी लक्षित हत्याओं, घात लगाकर किए जा रहे हमलों, तो कभी सेना पर सीधे अटैक के जरिए पीर पंजाल क्षेत्र को आतंक के केंद्र के रूप में फिर से सक्रिय करने की आतंकी मंशा दिखती है। सेना द्वारा किसी आतंकवादी के मारे जाने पर हल्ला मचाने वाले अब्दुल्ला और मुफ्ती ब्रांड नेताओं द्वारा न तो किसी शिक्षक की हत्या पर आंसू बहाए गए, न ही वर्दीधारी पुलिस कर्मी अथवा फौजी जवान या अधिकारी की। गत दिवस बारामूला में हत्या मस्जिद में की गई, किंतु घाटी के नेताओं ने मुंह में दही जमा रखा है। इस सबसे लगता है कि ज्यों-ज्यों चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, त्यों-त्यों घाटी को अशांत करने वाली घटनाएं दोहराई जा सकती हैं।

धारा 370 हटाए जाने के बाद से जम्मू-कश्मीर की दशा और दिशा में ऐतिहासिक बदलाव देखने को मिल रहा है। पर्यटन उद्योग में जिस तरह का उछाल आया, वह इस दावे को सही साबित करने के लिए पर्याप्त है कि घाटी में आतंकवादी ताकतें कमजोर हुई हैं। इसका कारण जनता का भी उनसे दूरी बनाना है। स्थानीय निवासियों को यह बात समझ में आने लगी है कि आतंकवाद के रहते उनके जीवन में शांति और समृद्धि नहीं आ सकती।

आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो धारा 370 समाप्त होने से पहले जम्मू-कश्मीर की जी.एस.डी.पी. 1 लाख करोड़ रुपए थी, जो सिर्फ साल में डबल होकर आज 2,27,927 करोड़ रूपए हो गई है। पहले 94 डिग्री कॉलेज थे, आज 147 हैं, आई.आई.टी., आई.आई.एम. और 2 एम्स वाला जम्मू और कश्मीर पहला राज्य बन चुका है। पिछले 70 सालों में सिर्फ 4 मैडिकल कॉलेज थे, अब 7 नए बनाए गए हैं। 15 नए न?सग कॉलेज बनाए गए हैं, पहले मैडिकल सीटें 500 थीं, धारा 370 समाप्त होने के बाद अब 800 और सीटें जोड़ी गई हैं। पी.जी. सीटें 367 थीं, मोदी सरकार ने 397 नई सीटें जोड? का काम किया है। मिड-डे मील लगभग 6 लाख लोगों को मिलता था, अब 9,13,000 लोगों को मिड-डे मील मिलता है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की औसत 158 किलोमीटर थी, अब 8,068 किलोमीटर प्रति साल हो गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 सालों में 24,000 घर दिए गए थे, पिछले 5 सालों में मोदी सरकार ने 1,45,000 लोगों को घर दिए हैं। 70 सालों में 4 पीढि?ों ने 7,82,000 लोगों तक पीने का पानी पहुंचाया, अब मोदी सरकार ने और 13 लाख परिवारों तक पीने का पानी पहुंचाया है। खेलों में जम्मू-कश्मीर के युवाओं की भागीदारी 2 लाख से बढ़कर 60 लाख तक पहुंची है। पैंशन के लाभार्थी 6 लाख से 10 लाख तक पहुंचे हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं कि यह सारा परिवर्तन धारा 370 हटने के बाद हुआ है। धारा 370 हटने के बाद कश्मीर में आतंकवाद घटा है, जिस कारण वहां अच्छा वातावरण बना है और इसी के कारण वहां इतना विकास हो सका है। घाटी के नेताओं को यह बात अखर रही है। दरअसल यह सब राज्य में पिछले चार वर्षों के दौरान बने शांतिपूर्ण वातावरण को खत्म कर एक बार फिर घाटी को हिंसा की आग में झोंकने का षड्यंत्र है। इसे अलगाववादी नेता और उनकी पार्टियां पर्दे के पीछे रहते हुए समर्थन और सहायता दे रही हैं।

यह वही तबका है जिसने चेतावनी दी थी कि कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद वहां तिरंगा उठाने वाला कोई नहीं मिलेगा। लेकिन केंद्र सरकार की तगड़ी मोचेबंदी के कारण उस फैसले के बाद कश्मीर घाटी में भारत विरोधी ताकतों की कमर टूटने लगी है, आम जनता विकास और बदलाव की दिशा में बढ़ चली है। उसे सरकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के मिल रहा है। ऐसे में लोगों के बदलते नजरिए से परेशान अलगाववादी ताकतें डर का माहौल बनाने की कोशिशों में जुटी हैं, ताकि लोग मुख्यधारा का हिस्सा बनने से डरें।

कश्मीर का विशेष दर्जा अब इतिहास बन चुका है। ऐसे में आतंकवाद के समर्थक किसी भी गुप्त असंतोष का लाभ उठाना चाहते हैं। इसका मतलब है कि सुरक्षा बलों को अतिरिक्त सावधानी बरतनी होगी, ताकि नए हालात में आतंकवादियों और उनके आकाओं को सिर उठाने का कोई बहाना न मिले। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बल स्थानीय समुदाय के भीतर स्लीपर सैल का पता लगाने के साथ-साथ आतंकियों की घुसपैठ से लड़ते हुए शत्रुतापूर्ण वातावरण में काम करते हैं। बहुत ज्यादा दबाव, खतरनाक जिम्मेदारियां, गलत फैसले या गलतियों का कारण बन सकती हैं। लेकिन यह ऐसा दौर है, जब गलतियों की भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, अलगाववादी डर का माहौल बनाने की कोशिशें तेज करेंगे। ऐसे में पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बलों को अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी।

## जमशेदपुर की खबरें

# स्वर्गीय श्यामापद महतो को दी गयी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के द्वारा साकची स्थित जिला संपर्क कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को झारखंड आंदोलनकारी व बोड़ाम प्रखंड कमेटी के पांच बार अध्यक्ष सह बीस सुत्री क्रियान्वयन समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष रहे स्वर्गीय श्यामापद महतो को श्रद्धांजलि दी गयी। इस अवसर पर उनके आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा में वीरसिह सुरेन, नरोतम दास, योगेन्द्र कुमार निराला, शेख बदरूद्दीन, प्रमोद लाल, कमलजीत कौर गिल, जिला उपाध्यक्ष सागेन पुरती, पिंटू दता, अरूण प्रसाद, प्रीतम हेंब्रम, शैलेंद्र मैती, अजय रजक, श्यामल रंजनर सरकार, नंटु सरकार, मोहम्मद समद, प्रदीप कुमार राय, उमानाथ झा, धीरेन मारडी सहित अन्य झामुमो कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विधायक ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक से की मुलाकात, समाधान का दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** बीते दिनों जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में चुनाभट्टा के पास रेलवे का थर्ड लाइन निर्माण कार्य के दौरान बिजली टार टूटने से स्थानीय लोगों का परेशानी बढ़ गया है। मौके पर उन्होंने इस मामले में स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी से गुहार लगायी। गुरुवार को विधायक ने बिजली विभाग के महा प्रबंधक श्रावण कुमार से कार्यालय में मुलाकात की। मौके पर उन्होंने विद्युत संबंधित विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। मौके पर विधायक ने बिजली की समस्या को अवगत कराते हुए समाधान की बात कही। विधायक ने कहा जुगसलाई चूनाभाट्टा में रेलवे का थर्ड लाइन बिछाने के क्रम में बिजली का तार टूट गया। जो अभी तक नहीं जोड़ा गया। विधायक ने स्थानीय लोगों की परेशानी को देखते हुए जल्द समाधान का निर्देश दिया। ताकि आम लोगो की समस्या का समाधान हो सके।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सोनारी जाहिरा बस्ती के नाई जगृति समाज कार्यालय में शिवम शिल्प कला संस्था की ओर ने निःशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को संस्था की अध्यक्ष मधु सिंह के नेतृत में नेत्र चिकित्सक डॉ अनिता कुंडू के सहयोग से बस्ती में रहने वाले सैकड़ो लोगों का नेत्र जांच किया गया। मौके पर संस्था की ओर से महिलाओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। साथ ही महिलाओं और बच्चीयों के बीच पौधे और खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सोनू बिस्वाल, आभा झा, निशा सिंह सिंह, चमनदीप गिल, ऐश्वर्या झा, स्तुति पॉल, दिशा रॉय, विदिशा बिस्वाल, रेखा जॉन पॉल ने सेवा दि। नाई जागृति संघ के अध्यक्ष रवि कुमार ठाकुर, उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष उदय, सचिव संभु, अनिल, तीर्थनाथ ठाकुर, जय प्रकाश ठाकुर, प्रदुमन ने अहम भूमिका निभायें।

# 38वां स्थापना दिवस पर कांग्रेस पार्टी के 50 वरिष्ठ नेता हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर स्थित तिलक पुस्तकालय में कांग्रेस पार्टी का 138वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। गुरुवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित समारोह में लगभग 400 से ज्यादा नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के द्वारा कांग्रेस पार्टी के चरखा छाप झण्डा फहराकर कांग्रेस नेताओं के साथ झड़े को सलामी दी गयी। वहीं सेवादल के प्रतिनिधियों ने बिजयी विश्व तिरंगा प्यारा और जन गण मन गीत प्रस्तुत की। सुबह से ही लीडरशिप डेवलपमेंट योजना के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहा युवा व सक्रिय नेताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, रामाश्रय प्रसाद, प्रदेश महामंत्री बिजय खा, 15 सूत्रीय सदस्य रियाजुद्दीन खान और अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस पार्टी का स्थापना, अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन, भारत के विकास में कांग्रेस पार्टी का योगदान व कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने में दायित्व पर विस्तार से कार्यकर्ताओं के समक्ष अपनी बातों को रखें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, प्रखंड संगठन प्रभारी और मंडल संगठन पर्यवेक्षकगण को संगठन के कार्य व दिशा-निर्देश का ससमय पालन करने व जिला कांग्रेस कार्यालय को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमिटी ने 50 वरिष्ठ कांग्रेस नेतागणों के अतुलनीय सेवा व योगदान के लिए उन्हें सम्मान पत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं जिलाध्यक्ष ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान में दान देने वाले नेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर आनंद मय पात्रा, राजकिशोर यादव, अवधेश सिंह, योगेंद्र सिंह यादव, ब्रजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अब्दुल सलीम खान, शशी सिन्हा, शफीअहमद खान, गुरदीप सिंह, केके शुक्ला, अशोक सिंह, रामदरस चौधरी, अपर्ण गुहा, नलनी कुमारी, दिबेश राज, सतीश कुमार, अरविंद साहू, रीता शर्मा, कमलेश, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार, बबुआ झा, धर्मा राव, संजय घोष, कैसर आलम अंसारी, आशीष सहित 400 से ज्यादा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाया जाये: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने प्रतिनिधियों से आवश्यक जानकारी साझा की। साथ ही चुनाव प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए ईवीएम जागरूकता के तिथियों से भी अवगत कराया। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया एसएसआर 2024 में विशेष उपलब्धि हासिल की गयी। जिसमें सभी मानकों में पूर्वी सिंहभूम जिला शीर्ष 3 स्थानों पर रहा है। उन्होंने मीडिया बंधुओं, राजनीतिक दलों व टीम का विशेष आभार जताया। साथ ही आगे भी इसी तरह कुशलता पूर्वक कार्यों का निष्पादन करने की अपील की। उन्होंने कहा बीते दिनों अभियान के तहत कुल 1 लाख 80 हजार फॉर्म जमा किया गया। जबकि कुल 1 लाख 70 हजार फॉर्म की एंट्री की गयी है। उन्होंने कहा सभी प्राप्त दावा व आपत्ति संबंधी आवेदनों का निष्पादन संशोधित तिथि के अनुसार 12 जनवरी तक किया जाना निर्धारित है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन की संशोधित तिथि 22 जनवरी है।

पूर्वी सिंहभूम जिले में 5 विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन 10 जनवरी से संचालित किया जायेगा। इनमें 44 बहरागोड़ा, 45 घाटशीला एसटी, 46 पोटका एसटी, 47 जुगसलाई एससी, 48 जमशेदपुर पूर्वी व 49 जमशेदपुर पश्चिमी शामिल हैं। मोबाइल डेमोस्ट्रेशन वैन के माध्यम से आम लोगों को ईवीएम वीवीपीएट की जानकारी देते हुए उन्हे जागरूक किया जायेगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से अपील है वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करें, इसके अलावा पुनरीक्षण कार्य में भी सहयोग करें। बीएलओ को सही जानकारी उपलब्ध कराने के लिए लोगों को जागरूक करें।

# संस्था ने जरूरतमंदों के बीच खाद्य सामग्री का किया वितरण



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया पयाम ई इंसानियत फोरम के बैनर तले जरूरतमंद लोगों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। गुरुवार को संस्था के एक प्रतिनिधि मंडल ने इंसानियत का पैगाम देते हुए और नफरत का आग बुझाने के लिए एमजीएम अस्पताल में मौजुत लोगों के बीच फल और बिस्कुट का वितरण किया गया। मौके पर मोहम्मद शाहनवाज ने बताया सस्ता के द्वारा पूरे भारत में यूरोप मंथ लोगों को बीच सहायता पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने बताया इंसानियत समानता और इम्यूनिटी समाज के लिए बुनियाद है। हर चीज एक है सभी के अंदर इंसानियत होंनी चाहिए। इसके आधार पर हम सभी बहुत आगे तक बढ़ सकते हैं। संस्था के द्वारा या संदेश लेकर पूरे भारतवर्ष में लोगों का सेव किया जा रहा है। इस कड़ी में एमजीएम अस्पताल, सदर अस्पताल में युवारत्न लोगों के बीच बिस्कुट और फल का वितरण किया गया। मौके पर संस्था के दर्जनों लोग शामिल रहे।

# शिक्षक राष्ट्र के निर्माता हैं: अलखनाथ पांडेय

## शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन प्रभावी ढंग से करें

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा।** आरकेवीएस के सभागार में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार शिक्षकों के लिए पांचवीं इनहाउस कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीबीएसई के दिशा निर्देशानुसार ऑफलाइन ट्रेनिंग के लिए आर के ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित सभी स्कूल आरकेपीएस गढ़वा, श्रीबंशीधर नगर, उंचरी (मंझिआंव) और हूर के शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ट्रस्ट के चेयरमैन सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर के किया। उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यशाला में बताये गये बातों का अनुसरण करने की बात कही।

निदेशक ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी शिक्षकों से कहा कि इस सेशन का यह पांचवां इनहाउस ट्रेनिंग है। इससे पहले एनईपी 2020, हेल्थ एंड वेलनेस, हैप्पी क्लाशरुम और लाइफ स्किल्स पर चार कार्यशालाएं आयोजित हो चुकी हैं। उन्होंने आज के विषय 'प्रभावी शिक्षण' पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को कहा कि ब्लैक बोर्ड का कोई विकल्प नहीं है, सिर्फ समय समय पर इसका रंग परिवर्तन हुआ है। क्लाशरुम शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए एक युद्ध का मैदान है जहां उन्हें अज्ञानता, अनुशासनहीनता, अनैतिक मूल्यों जैसी बातों के विरुद्ध लड़ाई लड़कर एक अच्छे विद्यार्थी का निर्माण करना है। जिससे कि एक स्वस्थ समाज और राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। सीखने-सिखाने की प्रक्रिया अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है। आज भी हम सीखने ही आए हैं। शिक्षक समाज और देश का निमार्ता होते हैं। उन्हें अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का सही तरीके से निर्वहन करना चाहिए। कार्यशाला का विषय 'इफेक्टिव टीचिंग' की चर्चा करने और विस्तार से हर बातों को साझा करने के लिए साधनसेवी के रुप में आरकेपीएस गढ़वा से शिक्षक दिलीप सिंह, एसडी सिंह, सनोज यादव और शिक्षिका अभिलाषा थी। इस अवसर पर प्राचार्य संतोष पांडेय, एलके ओझा, अनुप कुमार पांडेय, प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, एसटीएनसी राजकुमार, प्रशिक्षण समन्वयक शहेला खान के साथ साथ सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दल के अध्यक्ष और सचिव के साथ की बैठक



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मान्यताप्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की अवधि को विस्तारित करते हुए दावा/ आपत्ति का निराकरण हेतु दिनांक 12.1.2024 की तिथि निर्धारित की गयी है, जिसका मुख्य उद्देश्य छुटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़कर उन्हें मताधिकार का प्रयोग कराना है। ईवीएम डेमोंसट्रेशन पर चर्चा करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 10 जनवरी से विभिन्न मतदान केंद्रों पर मास्टर ट्रेनर द्वारा ईवीएम डेमोंसट्रेशन के जरिए मॉक पोल का आयोजन कर मतदाताओं को ईवीएम मतदान प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी जायेगी। इस बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, विजय कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशिल कुमार राय समेत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के अध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे।

## पीडीएस दुकानदारों की बैठक संपन्न



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पीडीएस दुकानदारों की देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में पीडीएस दुकानदारों की बैठक उच्च विद्यालय भवनाथपुर में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भवनाथपुर के सभी डीलर 1 जनवरी 2024 से राशन का उठाव और वितरण नहीं करेंगे। बैठक में कहा गया कि कोरोना कल में बांटा गया राशन का कमीशन नहीं मिला है। इतना ही नहीं राशन बांटने वाली मशीन 4जी की जगह 2जी दिया गया है जिसके चलते दिनभर उसी में फंसे रहते हैं। कहा केंद्र सरकार या तो पूरा कमीशन दे नहीं तो पचास हजार महिना हमलोगों को दे, तभी हम लोग आगे का कार्य करेंगे। बैठक में संजय पासवान, अरूण कुमार यादव, शेर बहादुर राम, अशोक पाठक, शंकर गुप्ता, विजय कुमार जायसवाल, प्रदीप कुमार गुप्ता, अभय चौबे, राजेश राम, सरजू राम, योगेंद्र जयसवाल सहित सभी डिलर उपस्थित थे।

## शिव चबूतरा निर्माण कमेटी को सहयोग राशि मिली

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के सोनार मुहल्ला स्थित भगवान शिव चबुतरा का सुंदरीकरण के लिए गढ़वा विधायक सूबे के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से शिव चबुतरा निर्माण कमेटी को झामुमो रंका प्रखंड कमेटी के द्वारा सहयोग राशि प्रदान किया गया। बताते चले कि चुनावी सभा में मिथिलेश ठाकुर के पास सोनार मुहल्लावासी ने शिव चबुतरा सुंदरीकरण का प्रस्ताव को रखा था। इस अवसर पर रंका गढ़ के युवराज झामुमो नेता कुमार गुलाब सिंह, बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, उपाध्यक्ष अरविंद सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता सहित मुहल्ला वासी मौजूद थे।

## 14 जनवरी को मकर सक्रांति पर्व पर मेले का आयोजन



रमना (आजाद सिपाही)। आगामी 14 जनवरी को मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर चांदराज पहाड़ी के प्रांगण में सफल मेले आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन श्री सीताराम मानस मंदिर के प्रांगण में किया गया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रखंड मुख्यालय स्थित चांदराज पहाड़ी पर 14 जनवरी को होने वाले मेले को सफल संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुवे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। जिसे लेकर एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से डॉक्टर पारस नाथ को अध्यक्ष, गोपाल प्रसाद गुप्ता को सचिव, रविशंकर गुप्ता को कोषाध्यक्ष, बनारसी ठाकुर को उपाध्यक्ष, जगदीश यादव, रामचंद्र यादव को संगठन सचिव, दिलीप ठाकुर को संरक्षक मनोनीत किया गया।

## अधौरा गांव स्थित देवी मंदिर में अयोध्या राम मंदिर से आया शुभ कलश को रखा गया



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के अधौरा गांव स्थित देवी मंदिर में गुरुवार को अयोध्या राम मंदिर से आया शुभ कलश को रखा गया। बजरंग दल के शिवपुर पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने उक्त कलश को बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष शशि रंजन दुबे के द्वारा पतिला गांव स्थित बजरंग बली मंदिर से प्राप्त किये थे। जिसे उन्होंने आज मंदिर के पुजारी आदित्य पाठक को सौंपते हुए गांव के देवी मंदिर में रखा गया। पुजारी ने बताया कि प्रतिदिन संध्या में उक्त कलश की आरती होगी। पंचायत अध्यक्ष अरुण गुप्ता ने बताया कि शिवपुर पंचायत स्थित सभी गांव के मंदिरों में कलश का वितरण किया जायेगा, साथ ही एक जनवरी से पंचायत के सभी घरों में अक्षत के साथ उद्घाटन समारोह का आमंत्रण पत्र वितरण किया जायेगा। जिसे 22 जनवरी से पूर्व पूरा कर लिया जायेगा। साथ ही 22 जनवरी को अयोध्या से प्रसारित राम मंदिर उद्घाटन समारोह को यहां भी एलईडी टीवी पर सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा। मौके पर छोटू, अमन राज, अंकुश, सत्यम, अनिल, बिमलेश, अभिषेक, साकेत सहित कई लोग उपस्थित थे।

## झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक संपन्न

# बीत रहे साल की अंतिम विदाई और नये साल आगमन की बधाई देते हैं: केके मेनन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा की मासिक बैठक केके यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए केके यादव ने कहा कि वर्ष के अंतिम माह में जितने भी साथी उपस्थित हैं, उन्हें हम बीत रहे साल की अंतिम विदाई और नये साल आगमन की बधाई देते हैं। संगठन की मजबूती, कल्याण कोष की मजबूती पर ध्यान देने के लिए कहा गया। सामाजिक कार्यों में पौधारोपण, कंबल वितरण, सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार, स्वच्छता अभियान, डायन विसाहि आदि विषयों पर जागरूक करने की बात कही गयी। सभा को संबोधित करने वालों में श्रवण कुमार, कबूतरी देवी, श्याम बिहारी राम, शनेश्वर बैठा, गोपाल राम, बृजनंदन प्रसाद और संगठन के संरक्षक सीताराम चौबे आदि के द्वारा अपने अपने विचार रखे गये। विगत बैठक की कार्यवाही की संपुष्टि की गयी, दिनांक 31 दिसंबर 2022 को संगठन द्वारा पूर्व से तैयार सूची के आधार पर चयनित लोगों को कंबल वितरण करने का निर्णय लिया गया। नये वर्ष में पेंशन अदालत लगाने हेतु उपयुक्त महोदय से अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया। संगठन का अपना भवन निर्माण हेतु 2000 वर्ग फीट भूमि चिन्हित करने हेतु पुनः उपयुक्त महोदय से अनुरोध करने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार से आठवां वेतन आयोग को शीघ्र गठन करने हेतु अनुरोध करने का प्रस्ताव पारित किया गया। सरकार द्वारा 80 वर्षों पर जो 20% का लाभ दिया जाता है, उसे ब्रेकअप के आधार पर 65 वर्ष 70 वर्ष 75 वर्ष और 80 वर्ष पर पांच-पांच प्रतिशत के दर से देने का आग्रह करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अमरनाथ गुप्ता, श्याम बिहारी राम, श्रवण, रामाधार ठाकुर, इंदुभूषण मिश्रा, रामदास महतो, निर्मल साहू, शिवनारायण प्रसाद और संतोष आदि उपस्थिति थे।

# शिक्षा में संसार बदलने की क्षमता है : डॉ पतंजलि

## स्लम एरिया के बच्चों के बीच किया गया पाठ्य सामग्री का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** राधा-पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को शहर के टंडवा स्थित स्लम एरिया के छात्र - छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। चार दिनों पूर्व से चलने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम अंतर्गत आज पांचवे दिन पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया है । इस दौरान बच्चों के बीच ट्रस्ट के पदाधिकारी और कर्मियों ने कलम - कॉपी, पेंसिल, रबर, किताब सहित अन्य पाठ्य सामग्रियों का वितरण किया। आर. पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि शिक्षा से ही हमारे व्यक्तित्व में निखार आता है। हम अपने अधिकार और कर्तव्यों को समझते हैं। साथ ही इसके बल पर इतना सक्षम हो पाते हैं कि स्वयं अथवा समाज को नई दिशा दे सकते हैं। शिक्षित व्यक्ति की सोच में व्यापक परिवर्तन होने के कारण वह अपनी समस्या का समाधान स्वयं करने में सक्षम हो जाता है। पुस्तक से बड़ा कोई मित्र नहीं है। शिक्षा में संसार बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों की पढ़ाई यदि कलम - कॉपी, किताब सहित अन्य पाठ्य सामग्री के बिना बाधित हो रही है तो वह अथवा उनके अभिभावक हमसे मिल सकते हैं। उनकी सहायता की जायेगी। ज्ञान का दीपक जलाने का कार्य मेरी ओर से निरंतर जारी रहेगा। उक्त मौके पर अब्दुल मन्नान, डॉक्टर इश्तियाक रजा, जगन राम, मोहम्मद शमीम, इकराम, संतोष सहित स्वीपर मुहल्ला के बच्चे और अभिभावक उपस्थित थे।

# राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए 21 सदस्यीय टीम गिरिडीह रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** दसवीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता जो झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री टाइगर जगन्नाथ महतो मेमोरियल के नाम से डुमरी गिरिडीह में 29 और 30 दिसंबर को आयोजित हो रही है। उसमें भाग लेने के लिए गढ़वा से 21 सदस्यीय टीम डुमरी गिरिडीह के लिए गढ़वा रेलवे स्टेशन से शक्तिपुंज एक्सप्रेस से रवाना हुई। खिलाड़ियों के हौसला अफजाई के लिए स्टेशन पर पहुंचे समाज सेवी कमलेश कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू बाबू ने खिलाड़ियों को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर गढ़वा जिला का नाम रोशन करने की बात कहीं। झारखंड साइकल संघ के महासचिव गुरु शैलेंद्र कुमार पाठक और प्रोफेसर डॉक्टर उमेश सहाय ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर साइकिल संघ के सचिव अरविंद दुबे विधायक प्रतिनिधि खेलकूद और गढ़वा जिला साइकल संघ के कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता धर्मेंद्र पाल और खिलाड़ियों के अभिभावक गण आदि उपस्थित थे।

### भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची

**सीनियर पुरुष वर्ग:** कार्तिक कुमार मेहता, अखिलेश कुमार रवि, नीतीश कुमार निशांत, अभिजीत सिंह, धीरज कुमार। **सब जूनियर बालक वर्ग:** विशाल कुमार पाल, आले रसूल। **यूथ बालक वर्ग:** अनुज कुमार, रोहित दुबे, नितेश कुमार रजक। **जूनियर बालिका वर्ग:** छोटी कुमारी, स्नेहा कुमारी। **यूथ बालिका वर्ग:** पारो कुमारी, शिखा कुमारी, प्रियांशु कुमारी। बालक कोच संतोष कुमार, बालिका कोच पूजा कुमारी, टीम मैनेजर अजय कांत।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

60वीं औपबंधिक सूची    जिला–सिमडेगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– आयोग के मा0 सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा सिमडेगा जिला में स्थानीय जाँच के दौरान चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर सेनापति के बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–42/23<br>2. आवेदक–बालचंद सिंह , पिता–स्व0 अमर सिंह<br>3. ग्राम–बीरू, पोस्ट–बीरू, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–43/23<br>2. आवेदक–जगदीश गोप , पिता–स्व0 किरन गोप<br>3. ग्राम–सलडेगा, पोस्ट–सिमडेगा, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–44/23<br>2. आवेदक–गन्दुरा गोप , पिता–स्व0 दशरथ गोप<br>3. ग्राम–सलडेगा, पोस्ट–सिमडेगा, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–45/23<br>2. आवेदक–सुशील तिर्की , पिता–स्व0 जेम्स तिर्की<br>3. ग्राम–खूँटीटोली, पोस्ट–खूँटीटोली, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–46/23<br>2. आवेदक–प्रवीण लुगुन , पिता–स्व0 खीस्तोचित लुगुन<br>3. ग्राम–खूँटीटोली, पोस्ट–खूँटीटोली, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–47/23<br>2. आवेदक–गुलसन सोय , पिता–स्व0 मार्शल सोय<br>3. ग्राम–बाँसजोर, पोस्ट–बाँसजोर, थाना–बाँसजोर, प्रखण्ड–बाँसजोर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–48/23<br>2. आवेदक–राजू बड़ाईक , पिता–स्व0 लुहडु बड़ाईक<br>3. ग्राम–खरवागढ़ा , पोस्ट–गरजा , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–49/23<br>2. आवेदक–शंकर प्रधान , पिता–स्व0 जगदीश प्रधान<br>3. ग्राम–खरवागढ़ा , पोस्ट–गरजा , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–50/23<br>2. आवेदक–हरखमइन सिंह , पिता–स्व0 उगर सिंह<br>3. ग्राम–फरसाबेड़ा , पोस्ट–खूँटीटोली , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–51/23<br>2. आवेदक–राम कुमार गोप , पिता–स्व0 फिरनाथ गोप<br>3. ग्राम–तामड़ा, पोस्ट–तामड़ा, थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–52/23<br>2. आवेदक–सुरेन्द्र नायक , पिता–स्व0 मेहरबान नायक<br>3. ग्राम–कुल्लूकेरा , पोस्ट–कुल्लूकेरा , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–53/23<br>2. आवेदक–पृथ्वीराज चौहान , पिता–सूर्यवंशी प्रसाद<br>3. ग्राम–भुंडूटोली , पोस्ट–सिमडेगा , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–54/23<br>2. आवेदक–लिबनुस टेटे , पिता–स्व0 लाजरूस टेटे<br>3. ग्राम–तेतरटोली तिर्रा , पोस्ट–गरजा , थाना–सिमडेगा, प्रखण्ड–सिमडेगा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–55/23<br>2. आवेदक–सिलसियन बागे , पिता–स्व0 जोवाकिम बागे<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–56/23<br>2. आवेदक–भिन्सेन्ट हेमरोम , पिता–एग्नेस हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा साहुबेड़ा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–57/23<br>2. आवेदक–शांतिएल हेमरोम , पिता–पीटर हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17 | 1. आवेदन क्र0–58/23<br>2. आवेदक–लाचो कंडुलना , पिता–मंगरा कंडुलना<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18 | 1. आवेदन क्र0–59/23<br>2. आवेदक–सिरनुस मड़की , पिता–बाजू मड़की<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19 | 1. आवेदन क्र0–60/23<br>2. आवेदक–नोएल हेमरोम , पिता–स्व0 नेहमिया हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20 | 1. आवेदन क्र0–61/23<br>2. आवेदक–सेजन हेमरोम , पिता–स्व0 जुनास हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21 | 1. आवेदन क्र0–62/23<br>2. आवेदक–सुगड़ हेमरोम , पिता–स्व0 सलन हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22 | 1. आवेदन क्र0–63/23<br>2. आवेदक–जीरेन हेमरोम , पिता–स्व0 सामुएल हेमरोम<br>3. ग्राम–गोर्रा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23 | 1. आवेदन क्र0–64/23<br>2. आवेदक–उमलन डांग , पिता–स्व0 सिरिल डांग<br>3. ग्राम–हतनदा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24 | 1. आवेदन क्र0–65/23<br>2. आवेदक–हेरमन डांग , पिता–मसीह प्रकाष डांग डांग<br>3. ग्राम–हतनदा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 25 | 1. आवेदन क्र0–66/23<br>2. आवेदक–हिरामनी डांग (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 आसेन डांग (मूल आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–हतनदा , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–67/23<br>2. आवेदक–अल्फ्रेड तोपनो , पिता–सुखराम तोपनो<br>3. ग्राम–उरमू , पोस्ट–हाटिंगहोड़े , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–68/23<br>2. आवेदक–मंगल समद , पिता–कोमल समद<br>3. ग्राम–पहानटोली पोसोर , पोस्ट–बानो , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–69/23<br>2. आवेदक–सुरेश लोमगा , पिता–मसीह लोमगा<br>3. ग्राम–पहानटोली पोसोर , पोस्ट–बानो , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–70/23<br>2. आवेदक–कुंवर केरकेट्टा , पिता–स्व0 किशुन केरकेट्टा<br>3. ग्राम–सेमरटोली , पोस्ट–बानो , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–71/23<br>2. आवेदक–सेलेस्टीन भेंगरा , पिता–स्व0 मनसुख भेंगरा<br>3. ग्राम–सिकोरदा , पोस्ट–सिकोरदा , थाना–बानो , प्रखण्ड–बानो<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–72/23<br>2. आवेदक शान्ति कुजूर , पति–स्व0 जीवन कुजूर<br>3. ग्राम–खालीजोर पकरीटोली , पोस्ट–कुरडेग , थाना–कुरडेग , प्रखण्ड–कुरडेग<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–73/23<br>2. आवेदक–चोन्हास बरला , पिता–स्व0 अगस्तुस बरला<br>3. ग्राम–झुनकाछापर , पोस्ट–कुरडेग , थाना–कुरडेग , प्रखण्ड–कुरडेग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–74/23<br>2. आवेदक–अरविन्द एक्का , पिता–स्व0 विराज एक्का<br>3. ग्राम–परकला ढवठाटोली , पोस्ट–कुरडेग , थाना–कुरडेग , प्रखण्ड–कुरडेग<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34 | 1. आवेदन क्र0–75/23<br>2. आवेदक–सामड़ोम बागे , पिता–स्व0 सामवेल बागे<br>3. ग्राम–करमटोली डोमटोली, पोस्ट–बरवाडीह , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35 | 1. आवेदन क्र0–76/23<br>2. आवेदक–विश्राम बागे , पिता–स्व0 नियरजन बागे<br>3. ग्राम–डोमटोली, पोस्ट–बरवाडीह , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36 | 1. आवेदन क्र0–77/23<br>2. आवेदक–मसकल्याण सुरीन , पिता–स्व0 मार्टिन सुरीन<br>3. ग्राम–अम्बाटोली डोमटोली, पोस्ट–बरवाडीह , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37 | 1. आवेदन क्र0–78/23<br>2. आवेदक–सरयू राम , पिता–टहल राम<br>3. ग्राम–कोलेबिरा , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38 | 1. आवेदन क्र0–79/23<br>2. आवेदक–मोहन गोप , पिता–स्व0 ठेहनु गोप<br>3. ग्राम–लरबा , पोस्ट–अघरमा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39 | 1. आवेदन क्र0–80/23<br>2. आवेदक–शिवराम सिंह , पिता–स्व0 लाधु सिंह<br>3. ग्राम–जामटोली , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40 | 1. आवेदन क्र0–81/23<br>2. आवेदक–श्याम सुंदर सिंह , पिता–करण सिंह<br>3. ग्राम–जामटोली , पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा , प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41 | 1. आवेदन क्र0–82/23<br>2. आवेदक–बिजेन्दर यादव , पिता–लक्ष्मण यादव<br>3. ग्राम–लरबा, पोस्ट–अघरमा, थाना–कोलेबिरा, प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42 | 1. आवेदन क्र0–83/23<br>2. आवेदक–देवनीस लकड़ा , पिता–स्व0 स्टीफन लकड़ा<br>3. ग्राम–बोकबा कोयनारटोली , पोस्ट–बरवाडीह , थाना–कोलेबिरा, प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–84/23<br>2. आवेदक–जोन सुरीन , पिता–स्व0 जकरियस सुरीन<br>3. ग्राम–गोबरधसा, पोस्ट–कोलेबिरा , थाना–कोलेबिरा, प्रखण्ड–कोलेबिरा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुमु) सदस्य (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष

PR.NO. 314577 Home(23-24):D

जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में डीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करना प्रशासन की प्राथमिकता : लोकेश मिश्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को विकास से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आहूत की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न विभागों की समीक्षा की और सभी पात्र लाभुकों को लाभान्वित करने तथा आ रही समस्याओं का त्वरित निष्पादन करने के निर्देश दिये। डीसी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि जिले में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य किये जाएं। इसमें सभी पदाधिकारी अपने स्तर से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने राजस्व, भूमि अधिग्रहण, लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन, म्यूटेशन आदि की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। इसे लेकर पंचायतवार कैंप लगाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि नेटवर्क कनेक्टिविटी की स्थिति का अनुश्रवण आवश्यक है। उपायुक्त ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों को निर्धारित समय के अंदर पूर्ण करें। इसमें विभागों के कार्यपालक पदाधिकारियों की भूमिका सबसे अहम है। उपायुक्त ने कहा कि अबुआ आवास योजना और बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन मिशन के आवेदनों की जांच कर अग्रतर कार्यवाही करें। साथ ही अबुआ आवास योजना को लेकर 29 दिसंबर को आयोजित होनेवाली ग्राम सभा को लेकर चर्चा की गयी। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिये कि अपने संबंधित क्षेत्र में संचालित योजनाओं का पूर्ण अनुश्रवण करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कल्याण विभाग के अंतर्गत बच्चों का खाता खोलने, छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, पीएम आवास, इंदिरा आवास, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास, पीडी जेनरेशन, जॉब कार्ड, आवास प्लस, बिरसा हरित ग्राम योजना व अन्य योजनाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश डीसी ने दिए।

## सीपीआइएम ने किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अड़की।** अड़की प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को सीपीआइएम (माकपा) का आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। इससे पहले पुराने लैम्प कार्यालय में विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या लोग जुटे और रैली के शक्ल में प्रखंड कार्यालय पहुंचे। यहां प्रदर्शन किया गया। इसके बाद बीडीओ सह सीओ गणेश महतो से 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। बीडीओ ने अपने स्तर से होने वाले कार्य को जल्द करेंगे। इधर, पुलिस द्वारा गेट पर रोके जाने को लेकर कार्यकर्ता आक्रोश मे दिखे। उस वक्त मंत्री रामेश्वर उराव प्रखंड मुख्यालय मे एक कार्यक्रम में थे, उनके जाने के बाद पार्टी के लोग मुख्यालय में जुटकर बीडीओ से रू- ब-रू हुए। मुख्य मांगों मे बीरबांकी को अलग प्रखंड बनाने, सभी गरीबों को अबुआ आवास देने, आंगनबाड़ी सेविकाओं का वेतन सात हजार करने की मांग की गयी। साथ ही अडकी प्रखंड के अड़की बीरबांकी और उलिहातू स्वास्थ्य केंद्र को दुरुस्त करने की मांग उठी। इस अवसर पर राज्य कमेटी सदस्य सुखनाथ लोहरा, राज्य कमेटी सदस्य सह तमाड विधानसभा प्रभारी सुरेश मुंडा, खूंटी जिला सचिव गणेश मुंडा, रामधन मछुआ, रंजीत मोदक, बीरेंद्र कुमार, मंगल सिंह मुंडा, एतवा मुंडा, भूषण मुंडा, पुष्कर सिंह मुंडा, सदानंद स्वांसी, लोदरो मुंडा, राधा मोहन स्वांसी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

## सोनाहातू में धान अधिप्राप्ति केंद्र खुला

किसानों से 23 रुपये प्रति किलो धान की खरीद की जायेगी। प्रखंड में 41 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है।

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सोनाहातू।** प्रखंड के बारूहातू लैम्पस और जामुदाग पैक्स में सरकारी धान क्रय केंद्र का उद्घाटन विधिवत रूप से किया गया। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्याम महतो और चितरंजन महतो, सांसद प्रतिनिधि दिलेश्वर कोइरी, मुखिया करिश्मा देवी, पंचायत समिति रुप कुमार साहू ने पूजन के बाद फीता काट कर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी बलराम प्रियदर्शी ने बताया कि किसानों से 23 रुपये प्रति किलो धान की खरीद की जायेगी। प्रखंड में 41 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। प्रखंड में 1221 किसान निबंधित हैं। 2022 में मात्र 3500 क्विंटल धान खरीदा गया था, जो बहुत ही खराब स्थिति थी। जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा ने कहा कि किसानों से आग्रह किया जायेगा कि धान सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचे। इस दौरान दोनों धान क्रय केंद्र में उद्घाटन के तौर पर 2-2 क्विंटल धान खरीदा गया। मौके पर लैम्पस अध्यक्ष बाबूलाल सिंह मुंडा, पैक्स अध्यक्ष विपिन जयसवाल, सुषेन प्रमाणिक सहित संचालन समिति सदस्य मौजूद थे।

## 21 मोतियाबिंद रोगियों का लेंस प्रत्यारोपण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बुंडू।** गोविंद चंद्र महतो समर्थन सेवा फाउंडेशन एवं दृष्टि सुरक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को 21 मोतियाबिंद रोगियों का बिरसा आई हॉस्पिटल सीताराम कंपलेक्स बुंडू में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन लेंस प्रत्यारोपण के साथ किया गया। ज्ञात हो कि स्व गोविंद चंद्र महतो के स्मृति में 24 दिसंबर को तमाड़ के प्रेम नगर नावाडीह में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें कुल 72 रोगियों का जांच किया गया था। इनमें से कुल 40 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। 40 मोतियाबिंद रोगियों में से 21 मोतियाबिंद रोगियों का बुधवार को बिरसा आई हॉस्पिटल सीताराम कंपलेक्स में ऑपरेशन किया गया। गोविंद चंद्र महतो समर्थन सेवा फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ रेखा सिंह के सहयोग एवं अथक प्रयास से यह कैंप का आयोजन किया गया था। डॉ रेखा के द्वारा इन सभी मरीज को गुरुवार को कंबल दिया गया।

स्व गोविंद चंद्र महतो उर्फ फात्तू बाबू के सेवा के कार्यों को आगे बढ़ते हुए उनकी पुत्री डॉ रेखा सिंह के द्वारा अपने क्षेत्र में इस तरह का कार्य किया जा रहा है ।

## खूंटी क्लब ने किया कंबल का वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए खूंटी क्लब खूंटी द्वारा गुरुवार को क्लब परिसर में जरूरतमंदों एवं असहायों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त लोकेश मिश्रा उपस्थित थे। इस अवसर पर उपायुक्त के करकमलों द्वारा असहायों, जरूरतमंदों के बीच 500 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। मौके पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि खूंटी महान सपूतों की धरती है। यहां के वीरों ने स्वत्रंतता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हम खूंटी वासियों को उन महान सपूतों की विरासत को बरकरार रखना है। उपायुक्त ने कहा कि खूंटी क्लब द्वारा जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों की सहायता के लिए जो प्रयास किया है, वह काबिले तारीफ है। कहा कि खूंटी क्लब 1931 से ही सामाजिक कार्यों में बढ-ऋढ़ कर हिस्सा लेता आया है। ठंड के मौसम में कंबल वितरण का कार्य हो या चिकित्सा शिविर समेत कई कार्यक्रमों क्लब द्वारा किये जाते हैं। कंबल वितरण कार्यक्रम के अवसर पर उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, प्रदीप भगत, भोलानंद तिवारी, मनान अंसारी, किशोर गंझू, श्याम किशोर भगत, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप पांडे, अशोक गुप्ता, अनूप साहू, मनोज कुमार साहू, मनोज लाल समेत कई सदस्य और नागरिक उपस्थित थे।

## घर घर पहुंचेगा अयोध्या में पूजित अक्षत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**22 को गांव-गांव में मनायी जायेगी दीवाली**



**खूंटी।** भगवान रामलल्ला की नगरी अयोध्या से आये पूजित अक्षत घर-घर पहुंचाने को लेकर गुरूवार को एनएचपीसी स्थित शिव मंदिर में हिदू संगठनों की बैठक विहिप के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह की अध्यक्षता में हुई। मौके पर विहिप के जिला अध्यक्ष विनोद जायसवाल, भाजपा नेता अजीत तोपनो, मानु मुंडा, उमेश मांझी, मुकेश जायसवाल आदि ने सभी पंचायतों से आए एकल अभियान की बहनों को कलश और पूजित अक्षत सौंपा। विहिप प्रखंड अध्यक्ष एमपी सिंह और ऋषभ षांडगी ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित अयोध्या से पूजित अक्षत का वितरण तोरपा प्रखंड के सभी घरों में किया जायेगा। इसके लिए एक से 15 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जायेगा। गांव-गांव जाकर सभी घरों में अक्षत के साथ राम मंदिर की तस्वीर और निमंत्रण पत्रक का वितरण किया जायेगा। इससे पूर्व प्रखंड के सभी प्रमुख मंदिरों में बैठक कर जनजागरण अभियान चलाया जायेगा। 22 जनवरी प्राण प्रतिष्ठा के दिन आनंदोत्सव मनाया जायेगा। सभी घरों व मंदिरों में दीप जलाये जायेंगे। 22 जनवरी के शुभ दिन का सभी को बेसब्री से इंतजार है। इस दिन पूरे जिले में उत्सव का माहौल होगा।

बैठक में विकास चंद्र, प्रकाश अधिकारी, लालू कश्यप, मोहित जायसवाल, रौनक षांडगी, राजेश नायक, कुणाल गुप्ता, कन्हैया कुमार, विशाल, पिंकी देवी, अमृता देवी आदि उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनर्स को दिया मतदान संबंधी प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तरीय प्रशिक्षण गुरुवार को डीआरडीए सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन प्रबंधन योजना, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दल और मतदान दिवस की व्यवस्था, मतदान केंद्र आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम और वीवी पैट के संयोजन की विस्तार से जानकारी दी गयी। मॉक पोल और वास्तविक मतदान के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया। ईवीएम व वीवी पैट के संयोजन के संबंध में बताते हुए मॉक पोल की सभी प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। वीवी पैट मशीन के उपयोग करने के तरीके पर विशेष रूप से ध्यान देने सहित अन्य मुख्य बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट किया गया। ईवीएम और वीवी पैट की कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट के संयोजन के संबंध में विस्तार से बताया गया। चुनाव में ईवीएम व वीवी पैट के उपयोग करने की विधि से अवगत कराया गया।

## नशा मुक्ति को लेकर खलारी में निकाली गयी रैली




**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय गुमला शाख के नेतृत्व में संचालित बीके गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर के बहन-भाइयों द्वारा गुरुवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत रैली निकालकर नागरिकों व राहगीरों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। रैली की शुरूआत खलारी प्रखंड से किया गया। जिसे खलारी बीडीओ लेखराज नाग व सीओ एसपी आर्य ने फीता काटकर रवाना किया। रैली खलारी प्रखंड से निकलकर बैंक चौक होते हुए शाहिद चौक, हिंदुगड़ी चौक, मोहन नगर, डकरा गुरुद्वारा चौक, बी-टाइप, केडीएच, सुभाष नगर, बिलारी, कल्याणपुर, बेती इन सभी जगहों से होकर गुजरी । इन सभी स्थानों पर नशा मुक्ति पर बेती गीता पाठशाला से आई नन्हें बच्चों की टीम ने नुक्कड़ नाटक भी दिखाकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

## आदिवासी संगठनों का धरना-प्रदर्शन

बालू घाटों की निविदा रद्द करने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खूंटी।** जिले के बारीगड़ा तथा सरगेया के बालू घाटों की निविदा रद्द करने सहित अन्य मांगों को लेकर विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को समाहरणालय के समक्ष धरना दिया और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि केटेगरी एक के बालू घाटों के एमडीओ चयन के लिए जिला प्रशासन द्वारा अल्पकालिक वित्तीय निविदा आमंत्रित की गई थी। केटेगरी ए के अंतर्गत सरगेया मौजा तथा केटेगरी बी के अंतर्गत बारीगड़ा मौज को रखा गया है। दोनों मौजा अड़की प्रखंड की सरगेया पंचायत में आते हैं। ये दोनों मौज पूर्णता खुटकट्टी क्षेत्र में पड़ते है। ज्ञापन में कहा गया है कि निविदा रद्द करने को लेकर ग्राम सभा द्वारा नौ दिसंबर को भी ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में लघु खनिजों के लिए ग्रामसभा द्वारा योजना तैयार करने, मिट्टी, बालू, मोरम सहित क्षेत्र में पाई जानेवाली लघु खनिजों के लिए योजना बनाने और उपयोग करने के लिए ग्राम सभा सक्षम होगी। ग्रामसभा के निर्देश और नियंत्रण में सार्वजनिक और प्राकृतिक संपदा प्रबंधन समिति इस जिम्मेवारी को निभाएगी। बालू घाट जिस गांव की सीमा के अंतर्गत आता है, उसका सीमांकन जिला खनन पदाधिकारी, सहायक खनन पदाधिकार द्वारा कराकर उसे ग्रामसभा को समर्पित किया जाना चाहिए।

ग्रामसभा स्वयं बालू घाटों का संचालन करेगी अथवा अपने स्तर से स्थानीय जरूरत के लिए इस्तेमाल कर सकेगी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### परिजनों को मिली मुआवजा की अग्रिम राशि, हाथी के हमले से हुई थी मौत

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चोगा गांव में 20 दिसंबर को हाथी ने 62 वर्षीय गोविंद कोइरी को हमला कर घायल किया। 21 दिसंबर को रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गयी। इधर विधायक सुदेश महतो की पहल पर रिम्स में इलाज के क्रम में वन विभाग ने 50 हजार रुपये दिये। गुरुवार को वन विभाग के राजू महतो की टीम जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, विधायक प्रतिनिधि श्याम महतो और चितरंजन महतो, पंचायत समिति रुप कुमार साहू ने परिजन को पुन: 50 हजार रुपये दिये। वन विभाग ने मृतक के परिजन को अग्रिम मुआवजा के रूप में एक लाख रुपये दिये। कागजी कार्रवाई पूरी होने पर बाकी की राशि देने को कहा गया।

### पीसीसी सड़क का किया गया शिलान्यास

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के वनडीह गांव में गुरुवार को विधायक निधि से 250 फीट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप में किया गया। विधायक प्रतिनिधि चितरंजन महतो, श्याम महतो और जिप सदस्य मंजू सिंह मुंडा, मुखिया सावना महली ने पूजन के बाद नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया। इस दौरान ग्रामीणों को विधायक के विजन को बताया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### हाथियों का झुंड पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड की रेलाडीह पंचायत के जंगल में बुधवार की रात को फिर से लगभग 25-30 के संख्या में जंगली हाथियों का झुंड पहुंच गया। इससे ग्रामीण भयभीत हैं। आसपास के दर्जनों गांव के किसानों को अपने धान फसल को क्षति होने की डर सताने लगी है। ग्रामीण रात जगा कर जंगली हाथी से बचाव की ड्यूटी करने लगे है। ग्रामीणों ने बताया यह जंगली हाथियों का दल दिन में जंगल में रहकर जंगल के अंदर स्थित बड़ा तालाब में विचरण करते हैं।जंगली हाथियों के डर से ग्रामीण अपने गाय, बैलों, भेड़, बकरी को भी चराने के लिए नहीं ले जा रहे हैं। जंगली हाथी पहुंचने की खबर वन विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने दे दी है। लेकिन अभी तक वन विभाग के अधिकारियों का दल गांव नहीं पहुंचा है। अड़की। अड़की प्रखंड मुख्यालय में आज मंत्री रामेश्वर उराव ने जन सुनवाई किया और धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। जन सुनवाई मे लगभग 26 मामले आये जिसमें कयी का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

### पिपरवार में सीआइएसएफ ने चलाया अभियान, तीन टन अवैध कोयला बरामद



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र मे सीआइएसएफ के द्वारा कोयला तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सीआइएसएफ के सीनियर कमांडेड संदीप कुमार एस के निर्देश पर और डिप्टी कमांडेंड उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में सीआइएसएफ के जवानों ने विशेष छापेमारी अभियान चलाकर खलारी थाना क्षेत्र के राय छलटा पुल के समीप तीन टन अवैध कोयला को बरामद किया है। सीआइएसएफ के इस कार्रवाइ के बाद कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को सीआइएसएफ के द्वारा आरसीएम साइडिंग से लेकर राय छलटा पुल तक विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया, इस छापेमारी के दौरान सीआइएसएफ के जवानों ने तीन टन अवैध कोयला को बरामद किया, हालांकि कोयला तस्कर मौके से फरार हो गया। बरामद कोयले को आरसीएम साइडिंग के हवाले कर दिया है। इस अभियान में सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेड उपेन्द्र सिंह, इंस्पेक्टर संतोष नेगी, सुमन तिवारी सहित कई सीआईएसएफ के अधिकारी और जवान शामिल थे।

### कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मना




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कांग्रेस कार्यालय में गुरुवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा ने की। जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस का झांडा फहराते हुए कांग्रेस के इतिहास पर प्रकाश डाला। मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं ने पार्टी के सिद्धांतों पर चलकर समाजसेवा करने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस समारोह में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा, प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश प्रतिनिधि रामकृष्ण चौधरी, ओमप्रकाश मिश्रा, पुनीत हेमरोम, नईमुद्दीन खान, पुरुषोतम गौंझू, हेलेन होरो, बबलू, जेम्स तोपनो, विलसन तोपनो, रविकांत मिश्रा, जयसिंह नाग, गोपाल भगत, नरेश तिर्की, विजय कुमार स्वांसी, विक्रम कुमार, फिरोज आलम, तलहा खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### रामनरेश भगत की पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के पूर्व मुखिया और जानेमाने समाजसेवी रामनरेश भगत की आठवीं पुण्यतिथि गुरुवार को सादगी से मनायी गयी। उनके चित्र पर परिजनों समेत कई लोगों ने पुष्प चढाकर श्रंद्धाजलि दी। मौके पर परिजनों की ओर गरीब व जरूरतमंदों के बीच गर्म कपडों का वितरण किया गया।

### ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कर्रा की दो छात्राएं चयनित



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मध्य प्रदेश के बैतूल में 31 दिसंबर से पांच जनवरी तक आयोजित होनेवाली 67वीं राष्ट्रीय स्कूल नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खूंटी जिले के प्लस टू हाई स्कूल कर्रा की तनीषा आरा और रितु कुमारी का चयन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दोनों चयनित खिलाड़ियों को गुरुवार को मध्य प्रदेश के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ अतुल कुमार चौके जिला शिक्षा अधीक्षक प्रवीण कुमार, एडीपीओ नलिनी रंजन, खूंटी जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव अब्दुल कादिर, कर्रा $2 हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक महेश्वर प्रधान, परवेज सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामना देकर रवाना किया।

### उपायुक्त ने गणेश महतो को किया सम्मानित



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल क्षेत्र मे संचालित गणेश स्पोर्टिंग क्लब के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो को चतरा उपायुक्त अबू इमरान ने सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार 12वीं चतरा जिला जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता मे उपायुक्त अबु इमरान के द्वारा गणेश महतो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। गणेश महतो को 12वीं चतरा जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए चतरा जिला एथलेटिक्स संघ के द्वारा मुख्य एथलेटिक्स तकनीकी पदाधिकारी बनाया गया था।

### सांसद-विधायक ने किया राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त करना निर्माण कार्य का शिलान्यास

# शिक्षित बच्चे ही समाज और राष्ट्र का करते हैं उत्थान : संजय सेठ

**34 लाख रुपये की लागत से चार कमरे का किया जायेगा निर्माण**

## हर माता-पिता व अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को शिक्षित बनायें : विधायक



राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चार अतिरिक्त कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास करते सांसद-विधायक व अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगडी।** नगड़ी प्रखंड के मेराल गांव स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को चार अतिरिक्त वर्ग कक्ष का शिलान्यास रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, जिला परिषद सदस्य पूनम देवी, नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप द्वारा संयुक्त रूप से शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। 34 लाख रुपए की लागत से चार कमरे का निर्माण किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बच्चों को पढ़ाने से न केवल खुद का उत्थान होता है, बल्कि परिवार और समाज का सुधार होता है। देश को एक अच्छा नागरिक मिलता है। वहीं, हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हर माता-पिता और अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि अपने बच्चों को शिक्षित बनायें। जिला परिषद सदस्य पूनम देवी ने कहा कि शिक्षित बच्चे ही समाज और राष्ट्र का उत्थान कर सकते हैं। प्रखंड प्रमुख सहित कई लोगों ने अपने-अपने विचार व्यक्त कियो। मंच संचालन अमित तिर्की ने किया। मौके पर प्रवीण उरांव, दिलीप तिर्की आदि उपस्थित थे।

# खिजरी विधायक ने विभिन्न विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप नें गुरुवार को प्रखण्ड के विभिन्न पंचायत क्षेत्र में करोड़ों रुपए की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की आधारशिला रखी। विधायक ने सबसे पहले बोंगईबेड़ा पंचायत के बानपूर गिरजाटोली में डीएमएफटी फंड से बनने वाले 650 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास किया उसके बाद चतरा में 15वें वित आयोग मद से उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निमार्ण कार्य, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची मद से टाटी-चतरा बोंगईबेड़ा पथ का मजबुतीकरण कार्य एवं चिलदाग पंचायत में 15वें वित आयोग मद से उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस



दौरान विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी। उन्होंनें ग्रामीणों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, उपप्रमुख जयपाल हजाम, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, सचिन नायक, साकीर अंसारी, एतवा उरांव, शिवदास गोस्वामी, अशोक मिश्रा, सरिता देवी, संगीता कैथा, छोटेलाल महतो, अजय आर्या, अजय तिर्की, अनिता देवी, रोहित नायक, किस्टो कुजूर, मुखिया हिरदू उरांव, दुर्गा पहान, पंसस अनिसा खातुन, रब्बानी राज आदि मौजूद थे।

## मृतक के परिजन से मिली विधायक



**बेड़ो/नरकोपी (आजाद सिपाही)।** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को प्रखंड के डोरंडा पीपर टोली गांव में मृतक समजान अंसारी के परिवार व स्वजनों से मिली और संवेदना व्यक्त की। आकस्मिक निधन पर दुःख प्रकट करते हुए स्वजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिवार वालों को आश्वस्त किया कि इस दुःख की घड़ी में वो उनके परिवार के साथ हैं। लगे हाथ विधायक ने परिवार को आर्थिक सहायता राशि भी दी। गौरतलब हो कि विगत 21 दिसंबर को नरकोपी थाना अंतर्गत डोरंडा पंचायत के ग्राम पिपर टोली निवासी स्व समजान अंसारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसकी जानकारी कार्यकर्ताओ से मिलने के बाद स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की मृतक के आवास पहुंची।

## हरिनाथ साहू ने किया ग्राम समिति का गठन



**कांके (आजाद सिपाही)।** रांची लोकसभा अंतर्गत हटिया विधानसभा के हुरहुरी पंचायत एवं कांके विधानसभा पूर्वी केदल पंचायत के प्रताप नगर में लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक हुई, जिसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, रांची जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मीना देवी, सुशीला देवी, सुमन महतो, हटिया विधानसभा संयोजक जुल्फान अंसारी, तजमुल अंसारी शंकर प्रजापति, मनूअर खान, मो अजहर आलम कांके प्रखंड अध्यक्ष देव पूजन ठाकुर उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से मुनमुन बनर्जी को कांके पूर्वी केदल पंचायत न्यू फुरहुरा टोला प्रताप नगर ग्राम समिति का अध्यक्ष एवं विजय रॉय को सचिव सहित 11 लोगों को ग्राम समिति का पदाधिकारी चुना गया। हटिया विधानसभा के रातू प्रखंड अंतर्गत हुरहुरी ग्राम समिति का अध्यक्ष रोजिद अंसारी, उपाध्यक्ष रविंद्र प्रजापति, मुख्य संयोजक मनुवर खान, सलाहकार शंकर प्रजापति सहित 11 सदस्यीय पदाधिकारीयों का चयन किया गया। मौके पर उपस्थित लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारीयों को संगठन में जुड़कर महत्वपूर्ण दायित्व लेने के लिए बधाई दी। साथ ही आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने के लिए पार्टी के नीति सिद्धांतों के साथ आवश्यक रणनीति बनाकर अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को पार्टी में जोड़ने के लिए सामूहिक प्रयास का आग्रह किया गया।

## रौनियार समाज ने किया सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रांची में अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा की ओर से सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह परिचय सम्मेलन में 400 जोड़ों का समाज के लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। वहीं, 180 का विवाह तय हो गया ।सम्मेलन में रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सात महिला और चार षुरुषों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राष्ट्रीय सहायक मंत्री अजय प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष संतोष गुप्ता, युवा सचिव आनंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय कार्यकारिणी अधिकारी शिवकांत गुप्ता, वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य शंकर प्रसाद गुप्ता, सुबोध गुप्ता, रांची जिला के महासचिव अशोक गुप्ता, रांची जिला के कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## लापुंग के फतेहपुर में पुश जतरा को लेकर बैठक



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** फतेहपुर में पुश जतरा को लेकर बाजारटांड़ में बैटक हुई। इसकी अध्यक्षता बुधवा पहान ने की। बैठक में पुश जतरा 6 जनवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजिक कार्यकर्ता मुकेश कश्यप के अलावा विशिष्ट अतिथि जीप सदस्य हिंदिया टोप्पो, सापुकेरा मुखिया सविता उरांव, प्रमुख कंचन उरांव, पंसस हिंना तरनुम होंगीं। मेला में हुड़दंगियों पर नजर रखने के लिए आयोजन समिति की ओर से वॉलेंटियर नियुक्त किया गया है। साथ ही शांति व्यवस्था के लिए लापुंग पुलिस भी तैनात रहेगी। पुश जतरा का शुभारंभ जतरा खूंटा की पूजा पाठ बुधवा पहान द्वारा करने के उपरांत किया जाएगा। पुश जतरा कमेटा का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष पवन बरला, सचिव सज्जाद मिया, कार्यकारी अध्यक्ष धुमा मुंडा को बनाया गया है। मौके पर पुजारी बिचो पहान, संरक्षक मो सईद मिया, राम प्रसाद साहू, मनोज कुमार साहू, युवराइल मिया, मनमोहन साहू, रामकिशोर साहू, मोबिन मियां, मुर्तजा मिया और हरिश्चंद राम आदि उपस्थित थे।

## लापुंग प्रखंड में दो धान क्रय केंद्र मालगो व बोकरंदा लैंपस का उद्घाटन



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड में गुरुवार को दो सरकारी धान क्रय केंद्र बोकरन्दा व मालगो लैम्पस का शुभारंभ हुआ। बीडीओ एमानुएल जय विरस लाकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, प्रखंड सहकारिता पदाधिकरी विनोद नारायण झा ने सयुक्त रूप से फिट काटकर धान क्रय केंद्र का उद्घाटन किया। दो केंद्र के माध्यम से लापुंग प्रखण्ड में धान सरकारी दर 23 रुपये किलो खरीदा जाएगा। बोकरन्दा लैम्पस के सचिव परमेश्वर साहू, मालगो लैम्पस सचिव बिनोद साहू व क्रय प्रभारी बोकरन्दा रामतीर्थ भगत व मालगो लैम्पस निर्मल कुमार कश्यप को बनाया गया है। अधिक से अधिक किसान रजिस्ट्रेशन कराये और सरकारी दर में धान बेचकर लाभ उठाए। मौके पर मंगा तिर्की, जयन्त बरला व लैम्पस अध्यक्ष आदि ने भाग लिया।

## कैंब्रिज पॉलिटेक्निक में प्री प्लेसमेंट टॉक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** विद्यार्थियों को एम्प्लोयलेबल बनाने व उनके करियर से संबंधित डेवलोपमेन्ट की संभावनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य से कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक बहैया में प्री प्लेसमेंट टॉक (पीपीटी) का आयोजन हुआ। इसमें विद्यार्थियों को प्रभावशाली सीवी का निर्माण, इंटरव्यू के दौरान विद्यार्थियों की भाव भंगिमा नियुक्ति के बाद कंपनी में काम की चुनौतियों के अलावे एकडमिक सिलेवस से पूछे जाने वाले संभावित प्रश्नों आदि के बारे में बताया गया। बतौर रिसोर्स पर्सन सीआईटी के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के प्रो इंचार्ज डॉ केपी दत्ता व कोऑर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदशन किया। मौके पर संस्थान के प्रभारी प्राचार्य प्रो भोला नाथ घोष, शिक्षक प्रो चंदन कुमार, प्रो मोदासिर नजर आदि मौजूद थे। पीपीटी में संस्थान के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस और सिविल ब्रांच में अध्यनरत फाइनल इयर के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।1

## वेट लिफ्टिंग में अनुपम कुमारी ने जीता कांस्य पदक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गुरूवार का दिन झारखण्ड के लिए बेहद खास रहा। झारखण्ड की अनुपम कुमारी ने राजस्थान के बीकानेर में आयोजित वेट लिफ्टिंग अंडर-19 के 71 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया। कांस्य पदक जीतने पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के शिक्षा सचिव के रवि, एसपीडी किरण कुमारी पासी, धीरसेन ए सोरेंग, बादल कुमार, टीम मैनेजर समीर कुमार, निशा कुमारी, कोच रंजीत मिश्रा, कुणाल दीप आदि ने बधाई दी।

## प्रखंड कांग्रेस ने पार्टी का स्थापना दिवस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखड कांग्रेस की ओर से गुरुवार को गोंदलीपोखर स्थित शनिचरवा पाहन के आवासीय प्रांगण में पार्टी का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बरतू मुण्डा की अगुवाई में पार्टी का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यकर्ताओं ने देश के संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र मुण्डा, मुमताज खान आदि नें कांग्रेस के संकल्प एवं नीति-सिद्धांतों को विस्तृत रूप से बताया। मौके पर मिनहाज आलम, सफीक अंसारी, मुन्ना मुण्डा, युनूस अंसारी, एतवा उरांव, किस्टो कुजूर, ममता देवी, संगीता कैथा, सरिता देवी, अनिता देवी, शिवदास गोस्वामी, विशाल स्वांसी, अजय करमाली, समशाद अंसारी, नईम अंसारी, बिरसा टोप्पो, दशरथ पाहन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने किया धान क्रय केंद्र का उद्घाटन

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सोंस पंचायत स्थित लैम्पस में गुरुवार को धान क्रय केंद्र का उद्घाटन जिप सदस्य आदिल अजीम ने किया। प्रबंधक अजय कुमार साहू ने बताया कि धान की खरीदी कार्य क्रय केंद्र में 31 मार्च 2024 तक की जाएगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपए प्रति क्विटल और बोनस दर 117 रुपए प्रति क्विटल है। बताया कि धान निबंधित किसान से ही खरीदा जाएगा। एसएमएस प्राप्ति के बाद टोकन निर्गत के उपरांत केंद्र पर धान खरीदा जाएगा। निबंधित किसान का आधार कार्ड, जमीन लगान रसीद, बैंक खाता प्रतिलिपि और मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

## केंद्रीय किसान मेले की तैयारी को लेकर जोन्हा समूह विवेकानंद सेवा संघों की बैठक



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय किसान मेले की तैयारी को लेकर गुरुवार को मुनगाडीह गांव में जोन्हा समूह के विवेकानंद सेवा संघों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता मेला समिति उपाध्यक्ष मालिया बेदिया ने की। विदित हो कि मेला अगामी 8-9 फरवरी 2024 को गेतलसुद प्रक्षेत्र फार्म में लगाया जएगा। मेला में किसानों द्वारा उत्पादित फल सब्जी आदि का प्रदर्शन किया जाता है जिसमें श्रेष्ठ किसानों को पुरस्कृत की जाती है। बैठक में मेला को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम के ब्रह्मचारी देवात्मचैतन्य महराज, नवागढ़ मुखिया सह मेला समिति अध्यक्ष भुवनेशवर बेदिया, मालिया बेदिया, पंसस टाटी सुधू बेदिया, चिरंजीवी मंडल, रवि उरांव, श्रवण मुखियार, सावना बेदिया, गिलु बेदिया, अर्जुन लोहरा, बुधराम बेदिया, संकरा बेदिया, एसटीआई हब प्रतिनिधि सोमरा बेदिया, रोहित शाही, तुलसी महतो, मोहन बेदिया, रंथुराम बेदिया, लालदेव बेदिया, जयनाथ बेदिया, मनोज बेदिया, रामटहल बेदिया, भोलानाथ बेदिया, महेन्द्र बेदिया आदि उपस्थित थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने किया प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण, दी जानकारी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आजसू कार्यकर्ताओं ने 31 दिसंबर को रामपुर में प्रखंड स्तरीय पंचायत प्रभारियों की बैठक को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को नामकुम प्रखंड के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान हहाप एवं हुवांगहातु पंचायत के ग्रामीणों को आजसू की नीति सिद्धांतों के संदर्भ में पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि यह राज्य स्वाभाविक नहीं आजसू के वीर शहीदों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उन्होंने आम जनमानस की समस्या पर भी चर्चा की। कहा कि जब तक राज्य का सर्वांगीण विकास नहीं हो जाता है, तब तक आजसू चुप बैठने वाली नहीं है। पार्टी सड़क से लेकर सदन तक मुख्यतः पूर्वक राज्य हित के बातों को रखते रहेंगी। मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, प्रकाश लकड़ा आदि मौजूद थे।

## कांके में गरीबों के बीच कंबल वितरित

**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के कांके चौक समीप के होटल व बाहर से मानसिक अस्पतालों में इलाज कराने आए गरीबों के बीच दर्जनों कंबलों का वितरण समाजसेवी विल्सन गुड़िया के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने कहा कि कांके में ठंड बहुत अधिक पड़ती है और गरीबों के बीच कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य है। होटल-दुकानों में काम करने वाले गरीब तबके के लोगों को इस ठंड में राहत के लिए कंबल का वितरण किया गया। मौके पर रांची लोकसभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता मदन महतो, मुखिया सुमित सोरेन, समाज सेवी विल्सन गुड़िया आदि थे।

### नाइटेंगल नर्सिंग स्कूल में आजसू पंचायत प्रभारियों की बैठक

# निष्क्रिय पंचायत प्रभारी होंगे पद मुक्त, नये की नियुक्तिः जितेंद्र सिंह




आजसू की बैठक में उपस्थित प्रभारी जितेंद्र सिंह व अन्य कार्यकर्ता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** हेसल मिलन चौक स्थित नाईटेंगल स्कूल ऑफ नर्सिंग में गुरुवार को आजसू पंचायत प्रभारियों की बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष जगरनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सांगठनिक कार्यों की समीक्षा करते हुए खिजरी विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह ने निष्क्रिय पंचायत प्रभारियों को पद से मुक्त करने और नए प्रभारी की नियुक्ति पर बल दिया। कहा कि नए प्रभारी की नियुक्ति कर उस पंचायत में जल्द से पंचायत प्रभारी एवं ग्राम प्रभारी बनाने के बाद हर गांव में चुल्हा प्रमुख का गठन कर आजसू को मजबूत बनाना है। उन्होंनें संगठन को जनसरोकार से जोड़कर जनता के सुख-दुख में भागीदार बनने का आह्वान किया। मौके पर खिजरी विधानसभा के पूर्व आजसू प्रत्याशी सह केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव, केंद्रीय सदस्य राजू नायक, जलनाथ चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा, जिला महिला अध्यक्ष वीणा देवी, जिला सचिव अजीत महतो, राजेंद्र महतो, धर्मेंद्र सिंह, आशाराम महतो, संजय महतो, महाबीर महतो, देवकी देवी, बेबी देवी, राजू उरांव, सोनी देवी, गणेश उरांव, ज्योति मुण्डा, बसुंधरा देवी, संजय कुमार आदि मौजूद थे।

## बेड़ो से ताइक्वांडो के तीन खिलाड़ियों का खेलो इंडिया में चयन, हुए रवाना



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** ब्लैक टाइगर ताईक्वांडो क्लब के तीन खिलाड़ियों का चयन प्रखंड के विभिन्न स्कूलों से खेलो इंडिया के तहत हुआ है। जिनमें करमचंद भगत कॉलेज बेड़ो इंटर कला संकाय के दो छात्राओं संगिता उरांव व रितु उरांव और एसएस प्लस टू विद्यालय से संध्या खेस शामिल है। गुरुवार को बेड़ो से मध्य प्रदेश के बेतुल के लिए तीनों खिलाड़ी रवाना हो गए। तीनों खिलाड़ी ब्लैक टाइगर ताइक्वांडो क्लब में कोच शशि कुमार के सानिध्य में तैयारी में लगे हुए थे।

**खुलासा :** 4 दिसंबर को गला काट कर फेंक दिया था सड़क के किनारे

# प्रेमी से मिलकर पत्नी ने रची थी पति की हत्या की साजिश, आरोपित गिरफ्तार

**पूछताछ कर अन्य आरोपितों का पता लगाने में जुटी हुसैनाबाद पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता


पकड़े गए आरोपित की जानकारी देते प्रभारी एसडीपीओ अजय कुमार व अन्य।

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के पथरा गांव में एक महिला द्वारा अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति पथरा गांव निवासी सुनील राम की हत्या की साज़िश रचने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान रोशन कुमार के रूप में हुई है। हुसैनाबाद पुलिस ने उसे बिहार के नबीनगर थाना क्षेत्र स्थित मझीआवा गांव से गिरफ्तार किया है। गुरुवार को हुसैनाबाद थाना में संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी प्रभारी एसडीपीओ अजय कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि अपराधियों द्वारा चार दिसंबर की देर शाम सुनील राम की गला काटने के बाद उसे मरा हुआ समझ कर जपला पथरा मुख्य पथ के लांगरकोट गांव के समीप सड़क किनारे फेंक दिया था। लेकिन उसकी जान बच गई और रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सुनील की हत्या की साजिश के पीछे उसी की पत्नी खुशबू कुमारी थी। इस घटना को लेकर पीड़िता की मां ने हुसैनाबाद थाने में पांच दिसंबर को अपनी बहु खुशबू कुमारी, सास सरिता कुंवर, साढू प्रबल राम, विनय राम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस घटना के पुलिस ने अनुसंधान के अनुसार कई साक्ष्य के अधार पर आरोपी रोशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में रोशन ने इस कांड में अपनी संलीप्ता भी स्वीकार कर ली है। उसने बताया कि सुनील राम की पत्नी खुशबू से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह अपने पति से खुश नहीं थी। इसलिए अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए इस घटना को अंजाम दिलवाया। इस संबंध में हुसैनाबाद एसडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कल लिया गया है। साथ ही दो मोबाइल फोन भी जब्त किया गया। इस अभियान में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, एसआई सुचित राणा, सह अनुसंधानकर्ता, एएसआई सोम प्रकाश व पुलिस के कई जवान मौजूद थे।

## हुसैनाबाद में कांग्रेसियों ने मनाया पार्टी का 139वां स्थापना दिवस



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के पटेल चौक के समीप कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी चौक पर महात्मा गांधी, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता नवल किशोर पाठक और संचालन हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडे ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सत्यनारायण सिंह ने कहा कि पार्टी बलिदानों की पार्टी है। देश के सर्वांगीण विकास में महती भूमिका का निर्वहन किया है। वहीं, प्रदेश सचिव धनंजय तिवारी ने कहा कि देश की आजादी और आधुनिक भारत के निर्माण में कांग्रेस ने अतुलनीय भूमिका निभाई है। कांग्रेस ने आम जनता और गरीबों के कल्याण के लिए कई नई योजनाओं को धरातल पर उतारा। कार्यक्रम को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी प्रभात दूबे, बड़ू दूबे, पलामू जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद, नगर अध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान, अवधबिहारी सिंह, गुप्तेश्वर पांडे, लल्लू सिंह, नदीम खान, शंभू सिंह, मीनादेवी, मालती सिंह, रघुराई यादव, जगदीश राम, यासिर अराफात, रामसुंदर राम, अवधेश सिंह, अर्जुन सिंह, विजय सिंह, अंबिका सिंह, आलोक कुमार आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को शॉल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शैलेश कुमार सिंह, डॉ नादिर रीजवी, अधिवक्ता आलोक कुमार, बबलू सिंह, रामजन्म राम, राधामोहन सिंह आदि मौजूद थे।

## जान देंगे पर माइंस चालू नहीं होने देंगे : ग्रामीण

**छतरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** ग्राम जवरा के ग्रामीण पत्थर खदान के खिलाफ माइंस स्थल पर ही धरना पर बैठ गए हैं। ग्रामीणों ने किसी भी स्थिति में माइंस नहीं चालू की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि जान दे देंगें पर माइंस चालू होने नहीं देंगें। ग्रामीण इलाके में होने वाले नुकसान का अभी से ही आकलन करने लगे हैं। क्योंकि बगल में एक माइंस चालू होने से वहां हो रहे विस्फोट से लोग भयभीत है। ग्रामीणों का कहना है कि माइंस के विस्फोट से कभी भी किसी भी समय किसी की जान जा सकती है। जल, जंगल, जमीन छोड़कर हमें कही भी जाने पर यह सुकून नहीं मिलेगा। वहीं, माले कार्यकता कपिल प्रजापति ने बताया कि लीज धारक द्वारा जबरन खनन करने पर ग्रामीणों ने रोक लगा दिया है। विरोध के कारण पोकलेन मशीन का ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। ग्रामीण और माइंस संचालक के बीच कभी भी झड़प होने के आशंका है। धरना पर ललिता देवी, बसंत सिंह, राजपतिया देवी, विश्वनाथ सिंह, अमरेश भुइयां और श्यामपतिया देवी आदि बैठे हुए हैं।

## नव वर्ष में अपने बच्चों को नदी तालाब से दूर रखें: अरुणा शंकर

**कहा : घटना दुखद, गहराई से जांच करें प्रशासन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर स्थित धर्मेंद्र कमलापुरी जिसे डैम में डूबने की आशंका जताई जा रही है पर प्रशासन के कई प्रयास के बाद भी अब तक शरीर बरामद नहीं होने को चिंताजनक बताया। प्रथम महापौर ने कहा कि अगर शरीर शरीर नहीं मिला तो प्रशासन को दूसरी दिशा में भी जांच करनी चाहिए। प्रथम महापौर ने खुद पीड़ित परिवार से मिलकर दुःख जाहिर करते हुए सांत्वना दिया। कहा कि जब तक शरीर नहीं मिलता हम सभी को निराश नहीं होना चाहिए। भगवान पर भरोसा करना चाहिए। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खासकर धर्मेंद्र की पत्नी एवं माता-पिता से मिलकर धैर्य बनाए रखने को कहा। महापौर ने कहा कि मैं प्रशासन से बात करूंगी। यह घटना कैसे घटी इसकी तहकीकात तक पहुंचकर संलग्न लोगों पर कठोर कार्रवाई प्रशासन करें। प्रथम महापौर ने शहर के नागरिकों से अपील करते हुए बताया कि की उन्होंने अपने कार्यकाल में इतना सुंदर बच्चों के लिए गांधी उद्यान और परिवार के साथ घूमने के लिए कोयल रिवरफ्रंट बनवाया है आप सब नदी, डैम, तालाब वगैरा से दूर परिवार और बच्चों के साथ पार्क जाकर लुफ्त उठाएं ताकि ऐसी घटनाओं से बच्चों को बचाया जा सके।

## जहरीला पदार्थ खाकर दंपती ने दूधमुहे बच्चे के साथ की खुदकुशी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नौड़ीहा बाजार/पलामू।** नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचायत अंतर्गत तेलियाडीह गांव निवासी भोला भुइंया के 25 वर्षीय बेटी सविता देवी व 27 वर्षीय दामाद योगेंद्र भुइंया ने अपने दो महीने के दुधमुहें बच्चे के साथ जहारीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लिया। घटना गत बुधवार रात की बताी जा रही है। इसकी जानकारी के बाद नौडीहा बाजार की पुलिस गुरुवार को मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा तैयार कर अंत्य परिक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया। इस संबंध में मृतक सविता के पिता भोला भुइंया ने बताया कि बेटी की शादी नौड़ीहा बाजार प्रखंड के महुअरी गांव के टोला रस्सी टांड में योगेंद्र भुइयां से की थी। बेटी दामाद में कुछ बातों को लेकर विगत दो-तीन दिनों से वाद-विवाद चल रहा था। गुरुवार की जब उनके घर का दरवाना नहीं खुला तो सविता की मां ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ दिया गया। देखा कि बेटी दामाद और नतनी मृत अवस्था में पड़े हैं। जिसे देख कर पुलिस को खबर की गई। इस संबंध में थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि साड़ी खरीदने के विवाद में दंपति ने अपने दो माह के बच्चे के साथ आत्महत्या की है। वहीं पंचायत के मुखिया जितेंद्र कुमार पासवान ने परिजनों का हाल जाना।

## योजनाओं के कार्य में तेजी लायें विभागीय अधिकारी : वीडी राम

### दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता


अधिकारियों के साथ बैठक करते पलामू सांसद विष्णुदयाल राम।

**मेदिनीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक गुरुवार को समाहरणालय के सभागार में हुई। जिसकी अध्यक्षता पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने की। इसमें जिले में आम लोगों के लिए चलाये जा रहे विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गयी। सांसद ने कतिपय योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्धता के पालन पर बल दिया। वहीं संबंधित अधिकारी से अपेक्षा कि की वे कार्यान्वयन में तत्परता बरतें। दिशा की पिछली बैठक में लिए गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर भी चर्चा की गयी। इस दौरान सांसद ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता को योजनाओं के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने कार्यपालक अभियंता को पाटन के किशुनपुर में अवस्थित जलापूर्ति योजना में टूटी-फूटी पाइप को अविलंब बदलने का निर्देश दिया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, समेकित बाल विकास योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम का क्रियान्वयन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समीक्षा के दौरान जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की वस्तुस्थिति से अध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर अध्यक्ष ने लक्ष्य आधारित कार्यों को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सलतुआ से खरसो भाया मतौली पथ में अवस्थित गड्ढे भरने का मामला उठाया। इसी तरह लेस्लीगंज के मुख्य बाजार में मध्य विद्यालय के मुख्य गेट के समीप अतिक्रमण को एक सप्ताह के भीतर हटाने का निर्देश सदर एसडीओ को दिया गया। बैठक में सांसद ने बिजली विभाग को उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। बिना वजह या बगैर कोई ठोस कारण के प्राथमिकी दर्ज कराने से बचने की सलाह दी। विधायक ने बिजली विभाग से जुड़े कई मामले उठाये। बैठक में स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों के संबंध में भी चर्चा की गई। इसी कड़ी में पांकी प्रमुख ने पांकी में 108 एम्बुलेंस का वाहन द्वारा कार्य नहीं होने का मामला उठाया गया। इसपर डीसी ने सीएस को प्रत्येक ब्लॉक में 108 एम्बुलेंस की सेवा बहाल रहे, इसे सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में नल-जल योजना में विभिन्न तरह की गड़बड़ियों को दुरुस्त करने पर बल दिया गया। इसके अलावे पीवीटीजी परिवारों की ओर से राशन वितरण में किसी तरह का कोई शिकायत ना आये इसे लेकर सांसद ने डीएसओ को निर्देशित किया। डीसी शशि रंजन ने सभी संबंधित तकनीकी पदाधिकारयों से कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में अनावश्यक विलंब से संबंधित लोगों को परेशानी होती है। साथ ही योजना की लागत में वृद्धि होती है। इस लिए समयबद्धता एवं योजनाओं की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। बैठक में डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया, एसपी रिष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, रवि कुमार, सभी प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद उपाध्यक्ष, चतरा सांसद प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## आहर के जीर्णोद्धार से सैकड़ों किसानों को सिंचाई का मिलेगा समुचित लाभः विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता


शिलान्याय करते पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता।

**पांकी/पलामू।** पलामू जिले के पांकी प्रखंड अंतर्गत ढूब में विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने नीति आयोग एवं डीएमएफटी मद से आहर जीर्णोद्धार का विधिवत पूजा पाठ कर शिलान्यास किया। विधायक के पंहुचते ही कार्यकर्ताओं और ढूब के ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर एवं गाजे बाजे के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आहर के जीर्णोद्धार हो जाने से सैकड़ों किसान को सिचाई कीसमूचित लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा में हर जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम कर रहा हूं। हर गांव-टोले मुहल्ले से लेकर मुख्य सड़को को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर निर्मल मेहता, प्रोफेसर बचन ठाकुर, वीरेंद्र मेहता, नवल सिंह, यशवंत कुमार मेहता, मुखिया पति यशवंत कुमार, द्वारिका महतो, मुकेश मेहता, मंदीप मेहता, बबलू भुइयां, ललन भुईयां आदि थे।

## पंचायत को स्वच्छ और सुंदर बनाना विभाग की प्राथमिकता : जयप्रकाश

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ग्रामीण स्वच्छता अभियान के तहत अब हुसैनाबाद के पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने का बेहतर के प्रयास की शुरूआत हो गयी है। इसी कड़ी में जल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से प्रदत्त ई रिक्शा का वितरण हुसैनाबाद प्रखण्ड परिसर में क्षेत्र के सात मुखिया के बीच किया गया। इस दौरान बीडीओ रोशन कुमार, विभाग के प्रखंड कोऑर्डिनेटर जयप्रकाश सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड के पोलडीह, पथरा, ऊपरी कला, बेनिकला, देवरी कला, दंगवार, महुदण्ड व हैदरनगर के मोकहर कला और कुकहि पंचायत के मुखिया व उनके प्रतिनिधियों को ई रिक्शा की चाभी सौंपा। जयप्रकाश सिंह ने बताया कि स्वच्छता अभियान के तहत अब पंचायत को स्वच्छ करने की कवायद शुरू कर दी गई है। सभी पंचायतों में ई रिक्शा के जरिए कूड़े-कचरे का उठाव किया जाएगा। मौके पर प्रखंड कार्यालय के बड़ा बाबू मो शमीम, मुखिया श्रवण राम, अमरेंद्र ठाकुर, मुखिया प्रतिनिधि अशोक यादव, रामजी राम, शिवशंकर यादव आदि मौजूद थे।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

### राजद के प्रदेश अध्यक्ष ने किया हरिहरगंज का दौरा



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज-हुसैनाबाद के राजद के पूर्व विधायक सह झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने गुरुवार को हरिहरगंज क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान कई शुभचिंतकों से मुलाकात की और हाल पूछा। इस क्रम में सड़क हादसे में मारे गए डेमा गांव के पउरापर निवासी के परिजनों से मिला और सांत्वना दी। इसके बाद दुर्गा मंदिर के मेन पुजारी श्याम सुंदर वैध के ब्रह्मभोज सह भंडारे के आयोजन में भाग लिया। संजय सिंह यादव ने कहा कि दिवंगत श्याम सुंदर वैध जी माता रानी के चरणों में जीवन व्यतीत किये है और अपने कर्तव्यों का निष्ठावान व्यक्ति रहे हैं। उनके अच्छे कर्मों के कारण चाहने वाले लोग आज ब्रह्मभोज सह भंडारे का आयोजन किये है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राज अल्ली, प्रदेश सचिव बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, लखन यादव, प्रखण्ड अध्यक्ष महेंद्र यादव, दीपक यादव, कुंदन भुइंया, बबलू दास, अशोक यादव, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अशोक जायसवाल, जनार्धन यादव, ई. संजय यादव, अशोक यादव, सूरज यादव, मंटू यादव, मुकेश कुमार, जितेंद्र दास, रविंद्र यादव, योगेंद्र यादव, अजय यादव आदि उपस्थित थे।

### एक सप्ताह में 975 लीटर अवैध महुआ 89800 क्विंटल जावा महुआ हुआ जब्त

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी शशि रंजन के निर्देश पर नव वर्ष के मद्देनजर अवैध मदिरा के विनिर्माण एवं बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर छापामारी व निरीक्षण किया जा रहा है। विगत एक सप्ताह में उत्पाद विभाग द्वारा नौडीहा बाजार थानांतर्गत सलैया, विशूनपुर, चैनपुर के कल्याणपुर, सेमरटॉड, हरिहरगंज के लालगढ़ा गांव स्थित संगूरी पहाड़ आदि इलाकों में छापामारी कर अब तक 975 लीटर अवैध महुआ एवं 89800 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है।

## स्पोर्ट्स



सेचुरियन टेस्ट में भारतीय टीम तीसरे ही दिन पारी और 32 रन से हार गई। दक्षिण अफ्रीका ने भारतीय टीम को दूसरी पारी में 131 रन पर ही ऑल आउट कर दिया। विराट कोहली ने 76 रन की साहसिक पारी खेली, लेकिन पारी की हार नहीं टाल सके।

साउथ अफ्रीका ने दूसरी पारी में किया 131 पर ऑलआउट, बर्गर को 4 विकेट

# दक्षिण अफ्रीका से पहले टेस्ट में भारत की पारी और 32 रन से हार

एजेंसी



**सेंचुरियन।** सेंचुरियन टेस्ट में भारत तीसरे ही दिन गुरुवार को पारी और 32 रन से हार गया। साउथ अफ्रीका ने टीम को दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट कर दिया। विराट कोहली ने फिफ्टी लगाई, बाकी बैटर्स कुछ खास नहीं कर सके। साउथ अफ्रीका से नांद्रे बर्गर को 4 विकेट मिले। मंगलवार को सुपरस्पोर्ट पार्क मैदान पर साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। भारत ने पहली पारी में केएल राहुल की सेंचुरी के दम पर 245 रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रन बनाए और 163 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में भारत 131 रन ही बना सका। पहले टेस्ट में जीत के साथ साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दूसरा और आखिरी टेस्ट तीन जनवरी 2024 से केप टाउन में खेला जाएगा। भारत आज तक साउथ अफ्रीका में सीरीज नहीं जीत सका है।

### एल्गर प्लेयर ऑफ द मैच

साउथ अफ्रीका से पहली पारी में 185 रन बनाने वाले डीन एल्गर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वह अपने करियर की आखिरी सीरीज खेल रहे हैं। टीम से कगिसो रबाडा ने पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 2 विकेट लिए। डेब्यू मैच खेल रहे नांद्रे बर्गर को पहली पारी में 3 और दूसरी पारी में 4 विकेट मिले। दूसरी पारी में मार्को यानसन को भी 3 विकेट मिले, जबकि एक बैटर रन आउट हुआ। इससे पहले तीसरे सेशन की शुरूआत भारत ने 60/3 के स्कोर से की। श्रेयस अय्यर 6, केएल राहुल 4, सिराज 4 और शार्दूल ठाकुर महज 2 रन बनाकर आउट हुए। रविचंद्रन अश्विन, प्रसिद्ध कृष्णा और जसप्रीत बुमराह तो खाता भी नहीं खोल सके। हालांकि विराट कोहली एक एंड पर टिके रहे। उन्होंने अपनी 30वीं टेस्ट फिफ्टी लगाई, लेकिन टीम को पारी की हार से नहीं बचा सके। कोहली ने 76 रन बनाए। सेशन में टीम इंडिया ने 69 रन बनाने में ही आखिरी 7 विकेट गंवा दिए। साउथ अफ्रीका को दूसरी पारी में बैटिंग की जरूरत ही नहीं पड़ी।

### बर्गर ने 2 गेंद में 2 विकेट

पहली पारी में शतक लगाने वाले केएल राहुल 4 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें नांद्रे बर्गर ने स्लिप में कैच कराया। अगली ही बॉल पर बर्गर ने रवि अश्विन को भी पवेलियन भेज दिया। बर्गर को 26वें ओवर में दोनों सफलताएं मिलीं। 2 विकेट गिरने के बाद भारत संभल भी नहीं सका था कि रबाडा ने शार्दूल ठाकुर को भी कैच आउट करा दिया।

## शिमलाबहाल में एमडीओ मोड के खिलाफ प्रदर्शन

धनसार (आजाद सिपाही। बस्ताकोला क्षेत्र के न्यू पिट शिमलाबहाल कोलियरी में गुरुवार को बीसीसीएल कर्मियों ने सयुक्त मोर्चा के बैनर तले न्यू पिट को एमडीओ मोड में दिए जाने का विरोध किया। इसका नेतत्व कर रहे जमंस नेता रंजीत सिंह ने कहा कि न्यू पिट कोलियरी को डीजीएमएस ने असुरक्षित घोषित कर बंद कर दिया था। बीसीसीएल प्रबंधन ने खदान में भरे पानी को समय रहते नहीं निकाला। अब कोलियरी को एमडीओ मोड के तहत निजी कंपनी को सौंपने का फैसला लेने जा रही है। जिसमें उत्पादित कोयला सहित अन्य मालिकाना हक निजी कंपनी को दिया जा रहा है। इसमें हम सभी विरोध करते हैं। मौके पर हरे राम सिंह, उपेंद्र सिंह, राजेंद्र पासवान, उमेश सिंह, जनार्दन सिंह, देवदास जेडीया मौजूद आदि थे।

## बीच सड़क पर अचानक गिरा बिजली का तार, तीन गाड़ियों में भिड़ंत

महुदा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के तेलमोचो हरि मंदिर के समीप धनबाद-बोकारो मुख्यमार्ग पर गुरुवार अहले सुबह बीच सड़क पर अचानक बिजली का तार गिर जाने से ट्रेलर, बोलेरो पिकअप और हाइवा में जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे नाराज ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।

### सुरक्षा के विशेष प्रबंध : हुड़दंगियों और शराबियों पर नकेल कसने को सादे लिबास में तैनात रहेगी पुलिस

# कोयलांचल के पिकिनिक स्पॉट नव वर्ष के स्वागत को तैयार

शब्बीर हुसैन/अरविंद सिंह

**धनबाद/चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** साल 2023 की विदाई का काउंटडाउन शुरू हो गया है। लोग नव वर्ष 2024 की तैयारियों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बाबत धनबाद जिले के सभी पर्यटक स्थलों पर सैलानियों जुटने का सिलसिला गत 25 दिसंबर (क्रिसमस) से ही जारी है। सैलानियों को पिकिनिक स्पॉट पर किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो इसको लेकर स्थानीय समिति और जिला प्रशासन की ओर से भी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। मैथन डैम, तोपचांची झील, भटिंडा फॉल सहित बिरसा मुंडा पार्क धनबाद के प्रमुख पिकनिक स्पॉटों के रूप में शुमार है। बतातें हैं इसकी विशेषताएं।

**झारखंड का स्वर्ग मैथन डैम :** खूबसूरत रास्ते, चारों तरफ हरे भरे पहाड़... कल-कल बहती पानी की धारा...ये नजारा देखकर यकीन नहीं होगा कि आप झारखंड की प्राकृतिक सुंदरता को देख रहे हैं। जी हां यह सुंदर नजारा धनबाद मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल सीमा पर अवस्थित मैथन डैम की है, जिसे झारखंड का स्वर्ग भी कहा जाता हैं। मैथन डैम के सुंदर टापू और चारों तरफ लगाए गए सुंदर फूल मन मोह लेते हैं। नए साल के मौके पर यहां सैलानियों की बाढ़ आ जाती है। हालांकि, इस सुंदर पार्कृतिक धरोहर पर जो एक बार आता है वह ताउम्र मैथन डैम की खूबसूरती को याद रखता है।





### धनबाद का इकलौता झरना भटिंडा फॉल

धनबाद कोयलांचल के चारो ओर यूं टी सिर्फ कोयला खदानें ही देखने को मिलती है। पर इन सब के बीच मुख्यालय से 14 किलोमीटर की दूरी पर भटिंडा फॉल स्थित है। यहां झरना से गिरते पानी के आवाजे हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने को काफी हैं। भटिंडा फॉल के पास दो नदियों का मिलन भी है। कतरी नदी पारसनाथ से निकल कर उत्तर से दक्षिण की ओर बहती हुई मुनीडीह पहुंचती है। वहीं पूरब की तरफ से दामोदर नदी आती है। फॉल के पास दोनों नदियां मिलती हैं। यहां चट्टानें 12 डिग्री के कोण पर नदी की धार की दिशा में झुकी हुई हैं। चट्टानें नदियों की धार को रोकती हैं। न्यहां आने वाले सैलानियों को सावधानी बरतना ज्यादा जरूरी है जरा सी चूक जानलेवा हो सकती है। कहा जाता है कि इस फॉल के बीच तीन तालाब हैं और सभी में गहरे कुएं हैं। पानी पहले बड़े तालाब में आता है फिर ओवरफ्लो कर मध्य तालाब में और वहां से छोटे तालाब में जाता है।

**दूरबीन और ड्रोन से सीआइएसएफ कर रही निगरानी, चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात :** नव वर्ष पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इस वर्ष भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। सीआइएसएफ के जवान दूरबीन और ड्रोन कैमरे से निगरानी कर रहे हैं, तो धनबाद पुलिस के जवान भी चप्पे चप्पे पर तैनात है। पिकिनिक के नाम पर हुड़दंगियों से निपटने की खास व्यवस्था की गई है। तैयारी और सुरक्षा के इंतेजाम का जायजा लेने बुधवार की शाम डीसी खुद डैम पहुंचे और दिशा निर्देश दिया था। इसके अलावे यातायात और पार्किंग के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। वहीं, मैथन डैम में डियर पार्क में चहलकदमी करते कई प्रजाति के हिरन, मिलेनियम पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, डैम के समीप रंग बिरंगे और मनमोहक फूल बगान, गोगना घाट के पीछे प्रवासी पक्षियों का झुंड आकर्षण का केंद्र हैं।

**प्राकतिक छठा से घिरे तोपचांची झील के पूरे होंगे 100 वर्ष :** चारों ओर से पहाड़ों से घिरे तोपचांची झील की प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बनती है। 1924 में अंग्रेजों द्वारा बनाया गया यह झील इस वर्ष 2024 में अपने निर्माण का 100वां वर्ष मनाने को तैयार है। तोपचांची झील धनबाद मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर कोलकाता-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के समीप है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता से बॉलीवुड भी अछूता नहीं है। 1966 में धर्मेंद्र, राजश्री, महमूद और देवेन वर्मा भी यहां मोहब्बत जिंदगी की शूटिंग के लिए आ चुके हैं।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### शुद्धि पत्र

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/40/2023-24, जिसका PR No. 314380, Supply Fitting Fixing of kerb Stone and M.S. Grill in west Side Boundry Wall in Ward No.-12 (Twelve) under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag के स्थान पर Supply Fitting Fixing of kerb Stone and M.S. Grill in west Side Boundry Wall in Gandhi Maidan, Matwari Ward No.-12 (Twelve) under Hazaribag Municipal Corporation, Hazaribag को समझा जाए।

ह०/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 314621 Urban Development and Housing (23-24)_D



## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

लापता वृद्ध फगुवा भोक्ता, उम्र–65 वर्ष, पिता–स्व0 गुड्डु भोक्ता, ग्राम–लरबा, थाना–कोलेबिरा, जिला–सिमडेगा (झा0), जो दिनांक–25.11.2023 को समयः– करीब 16.00 बजे घर से सरनाबेडा, थाना–पालकोट के लिये निकले परन्तु ना सरनाबेड़ा पहुँचे और ना ही अभी तक वापस घर आये । जिसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया है। लापता पुरूष की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका विवरणी निम्नवत् हैः–



लिंग :– पुरूष
उम्र :– उम्र लगभग 65 वर्ष
रंग :– काला
ऊँचाई :– लगभग 5 फीट 4 ईंच
पहनावा :– टी0शर्ट एवं कमर में लाल रंग का गमछा
भाषा :– सादरी एवं हिन्दी।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता वृद्ध फगुवा भोक्ता के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा मोबाइल नं0 –9431116444
थाना प्रभारी, कोलेबिरा मोबाइल नं0 –9431706235
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा मोबाइल नं0 –8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR.NO.314532 Simdega(23-24):D


## बोकारो में मेडिकल कॉलेज बने यह सपना बोकारो विधायक ने पूरा किया : राम बल्लभ



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कुशवाहा पंचायत परिषद की ओर से बोकारो विधायक बिरंची नारायण का उनके प्रयास में शुरू होने वाले मेडिकल कॉलेज के लिय अभिनंदन और धन्यवाद किया गया। परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष राम वल्लभ महतो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग विधायक के आवासीय कार्यालय पहुंचे और पुष्प गुच्छ और माला देकर अभिनंदन किया। राम वल्लभ महतो ने कहा कि बोकारो में मेडिकल कॉलेज बने यह सपना बोकारोवासी लंबे समय से देख रहे थे। जिसे विधायक बिरंची नारायण ने अपने भगीरथ प्रयास से पूरा कर दिखाया है। विधायक बनने के बाद से ही उन्होंने बोकारोवासियों के इस सपने को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम किया है और सफलता पाई है। विधायक को बधाई देनेवाले में अजय महतो, सुखदेव महतो, गोपाल चंद्र महतो, वंशीधर महतो, काशीनाथ महतो, नारायण महतो, सुरेंद्र महतो, निर्मल कुमार, रामेश्वर महतो, किशुन महतो, संतोष महतो, पवन महतो, कालीचरण महतो, कैलाश महती, गंगाधर महतो, मनोज कुमार महतो, निरितल्क कुमार, सूर्यकांत महतो, आनंद कुमार, आशीष कुमार, रोशन कुमार, हिरा महतो, बबलू कुमार, राहुल कुमार आदि शामिल थे।

## बैदकारो जंगल में पुलिस ने अवैध कोयला खनन सुरंग को डोजरिंग कर बंद कराया



**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के कारो परियोजना के समीप बैदकारो जंगल में गुरुवार को गांधीनगर थाना, वन विभाग के अधिकारी और सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर जंगलों में चल रहे अवैध कोयला खनन सुरंगों के मुहाने को डोजरिंग कर बंद कराया गया वन विभाग के उप पदाधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि तस्करों द्वारा बनाए गए कोयला खनन के अवैध सुरंग को डोजरिंग कर बंद किया गया है। आगे भी कोयला तस्करों के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा। वहीं, छापामारी अभियान में गांधीनगर थाना के एसआइ अमित कुमार सशस्त्र बल के जवान सहित सीसीएल के सुरक्षा अधिकारी शामिल थे।

## सीओ एंड सीसी विभाग के कोल हैंडलिंग प्लांट के पीएलसी का हुआ नवीनीकरण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सीओ एंड सीसी विभाग के कोल हैंडलिंग प्लांट के नवीनीकृत पीएलसी सिस्टम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (विद्युत) डी सरकार, मुख्य महाप्रबंधक (सीओ एंड सीसी) राकेश कुमार, विभाग के वरीय अधिशासी और कर्मचारीगण उपस्थित थे। श्नाइडर निर्मित पुरानी क्वांटम श्रृंखला का पीएलसी और ऑपरेटिंग सिस्टम उत्पादन के दौरान लगातार समस्याएं दे रहा था। उसे अप्रचलित घोषित कर दिया गया था। नवीनीकरण कार्य में श्नाइडर मेक नए एम-580 सीरीज के पीएलसी को विंडोज-2010 ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ उत्पादन प्रक्रिया को बिना बाधित किए लगाया गया है। नवीनीकृत पीएलसी सिस्टम के संचालित होने से उत्पादन की प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

60वीं औपबंधिक सूची
जिला– हजारीबाग (पार्ट–01)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| नोडल पदाधिकारी द्वारा जाँच में आन्दोलनकारी होने का मंतव्य तथा चिन्हित स्थानीय झारखण्ड आन्दोलनकारी रामकिशोर मेहता उर्फ आर0के0 मेहता एवं मोहन रजक के बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र०–687/23<br>2. आवेदक– चन्द्रधारी प्रसाद पिता– तनु महतो<br>3. ग्राम– सिझुवा पोस्ट– ईचाक थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र०–688/23<br>2. आवेदक– अशोक प्रसाद मेहता पिता– मथुरा प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम– सिझुवा पोस्ट– बरियठ थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 48 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र०–689/23<br>2. आवेदक– सीताराम ठाकुर पिता– नीरू ठाकुर<br>3. ग्राम– डुमरौन पोस्ट– डुमरौन थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र०–690/23<br>2. आवेदक– बबलु शर्मा पिता– सीताराम ठाकुर<br>3. ग्राम– डुमरौन पोस्ट– डुमरौन थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 41 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र०–691/23<br>2. आवेदक– प्रबील प्रसाद मेहता पिता– प्रेमचंद प्रसाद मेहता<br>3. ग्राम– डुमरौन पोस्ट– डुमरौन थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 46 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र०–692/23<br>2. आवेदक– अयोध्या प्रसाद मेहता पिता– रौशन मेहता<br>3. ग्राम– बरकाखुर्द पोस्ट– रतनपुर थाना– ईचाक प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 49 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र०–693/23<br>2. आवेदक– नारायण महतो पिता–दर्षन महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र०–694/23<br>2. आवेदक– तेतर माली पिता– लक्ष्मण माली<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–63 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र०–695/23<br>2. आवेदक– गणेश महतो पिता– कंचन महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–59 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र०–696/23<br>2. आवेदक– बुधनी देवी पति– होरलि महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– महिला आयु–64 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र०–697/23<br>2. आवेदक– गोपाल महतो पिता– पनु महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–42 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 12. | 1. आवेदन क्र०–698/23<br>2. आवेदक– सुरेश महतो पिता– बोधा महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–51 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र०–699/23<br>2. आवेदक– नन्दलाल प्रसाद सोनी पिता– मटुकी साव<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 72 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र०–700/23<br>2. आवेदक– मो० इस्लाम पिता– सफदर अली<br>3. ग्राम– बिल्लचट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–63 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र०–701/23<br>2. आवेदक– मोहर महतो पिता– मनबोध महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–58 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र०–702/23<br>2. आवेदक– बिराज महतो पिता– माधो महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 17. | 1. आवेदन क्र०–704/23<br>2. आवेदक– जगदीश महतो पिता– छेदी महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना–केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र०–706/23<br>2. आवेदक– महावीर पासवान पिता– नागेश्वर पासवान<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 45 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 19. | 1. आवेदन क्र०–707/23<br>2. आवेदक– राम कुमार साहु पिता– नागेश्वर साहु<br>3. ग्राम– खपिया पोस्ट– केरेडारी थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र०–708/23<br>2. आवेदक– चम्पा देवी पति– नागेश्वर साहु<br>3. ग्राम– खपिया पोस्ट– केरेडारी थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– महिला आयु–78 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र०–709/23<br>2. आवेदक– मो० मोस्तकिम मिंया पिता– दुखन मिंया<br>3. ग्राम– ओये पोस्ट– केरेडारी थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–72 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र०–710/23<br>2. आवेदक– सारो देवी पति– कैलाश साव<br>3. ग्राम– केरेडारी पोस्ट– केरेडारी थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4 लिंग– महिला आयु–72 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र०–711/23<br>2. आवेदक– रूकमणी देवी पति – किनु साव<br>3. ग्राम– खपिया पोस्ट– केरेडारी थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– महिला आयु– 60 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र०–712/23<br>2. आवेदक– पुरन महतो पिता– कंचन महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र०–713/23<br>2. आवेदक– शिवचरण महतो पिता– कंचन महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–74 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र०–714/23<br>2. आवेदक– सरहुल महतो पिता– चुटर महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–61 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र०–715/23<br>2. आवेदक– जीवन महतो पिता– चतुर महतो<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र०–716/23<br>2. आवेदक– चतुर्गुण साव पिता– महावीर साव<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–55 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र०–717/23<br>2. आवेदक– लालजी महतो पिता– स्व० बिलास महतो<br>3. ग्राम– सलगा पोस्ट– सलगा थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र०–718/23<br>2. आवेदक– सरयु सिंह पिता– स्वारथ सिंह<br>3. ग्राम– पहरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– महिला आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र०–719/23<br>2. आवेदक– बसंत सिंह पिता– राजकुमार सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–49 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र०–720/23<br>2. आवेदक– महेन्द्र सिंह पिता– मुन्द्रिका सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–53 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र०–721/23<br>2. आवेदक– उपेन्द्र नारायण सिंह पिता– भुनेश्वर सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–56 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र०– 722/23<br>2. आवेदक– रामदुलार सिंह पिता– राजेन्द्र सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–48 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र०–723/23<br>2. आवेदक– प्रेम सिंह पिता– बिलट सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड– केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–69 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र०–724/23<br>2. आवेदक– अजीम मिंया पति– ईशाक मिंया<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–75 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र०–725/23<br>2. आवेदक– शनिश्चर गंझू पिता– बन्धु गंझू<br>3. ग्राम– सलगा पोस्ट– सलगा थाना– केरडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–44 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र०–726/23<br>2. आवेदक– हुलास महतो पिता– केवल महतो<br>3. ग्राम– सलगा पोस्ट– सलगा थाना– केरडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र०–727/23<br>2. आवेदक– फागुन सोनार पिता– महेश सोनार<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु– 72 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र०–728/23<br>2. आवेदक– हुलास साव पिता– ठाकुर साव<br>3. ग्राम– सलगा पोस्ट– सलगा थाना– केरडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–52 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र०–729/23<br>2. आवेदक– मोसामत शिला पति– अरूण सोनी<br>3. ग्राम– चट्टी बरियातु पोस्ट– चट्टी बरियातु थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– महिला आयु–45 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र०–730/23<br>2. आवेदक– केदार सिंह पिता– स्व० गोविन्द सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–73 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र०–731/23<br>2. आवेदक– सत्येन्द्र सिंह पिता– स्व० रामेश्वर सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–50 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र०–732/23<br>2. आवेदक– मकसूद मियाँ पिता– काजिम मियाँ<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–72 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र०–733/23<br>2. आवेदक– संजय कुमार सिंह पिता– राजेन्द्र सिंह<br>3. ग्राम– जमीरा पोस्ट– हेवई थाना– केरेडारी प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग– पुरूष आयु–43 वर्ष पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 314503 Home (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### हाइवे पर पलटा एसिड टैंकर, सड़क पर फैल रहा है एसिड



**भूवनेश्वर।** हाइवे पर पलटा एसिड टैंकर। दुर्घटना के बाद टैंक से एसिड लीक हो रहा है। सुरक्षा कारणों से राजमार्ग पर यातायात बंद है। इस ही घटना देखाने को मिला कोरापुट जिले के पट्टांगी ब्लॉक अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 26 पर। गौरतलब है कि कोरापुट जिले के पट्टांगी ब्लॉक अंतर्गत 26 नंबर राष्ट्रीय राजमार्ग के राजुगुड़ा और तेलाराई गांव के बीच से गुजरने वाली सड़क पर एसिड टैंक पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त टैंक से एसिड लीक हो रहा है। इसलिए सुरक्षा कारणों से राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात रोक दिया गया है। पट्टांगी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर मौजूद है।

### चुनाव से पहले कांग्रेस को इवीएम वाला डर

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 में अभी करीब चार महीने का वक्त बाकी है। कांग्रेस अभी से इवीएम पर सवाल उठाने में जुटी है। पार्टी नेता सैम पित्रोदा ने गुरुवार को कहा कि यदि इवीएम की गड़बड़ियों को दूर नहीं किया गया तो भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। यह चुनाव भारत का भाग्य तय करने वाला है। चुनाव आयोग लगातार ऐसे आरोपों को खारिज करता रहा है। फिर भी विपक्ष के कुछ नेता अकसर इवीएम पर सवाल उठाते रहे हैं।

# 7 वें बैच के डीएसपी और 11वें बैच के कैडेट सब-इंस्पेक्टर का दीक्षांत समारोह

● 4,600 से अधिक कांस्टेबलों की भर्ती की गयी है और वे जल्द ही पुलिस बल में शामिल होंगे





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 7 वें बैच के डीएसपी (प्रोबेशनर) और 11वें बैच के कैडेट सब-इंस्पेक्टर का दीक्षांत समारोह आज सुबह बीजू पटनायक राज्य पुलिस अकादमी में आयोजित किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक सुनील बंसल शामिल हुए और उन्होंने देश, समाज और आम जनता को उचित सेवा, सुरक्षा प्रदान करने के लिए कार्य करने की सलाह दी। पुलिस महानिदेशक ने विपरीत परिस्थितियों में आम जनता के प्रति सहानुभूति, दया एवं परोपकारिता बरतने की आशा व्यक्त की है। बंसल ने कैडेटों को राज्य पुलिस का नाम रोशन करने के लिए नयी आशा, उत्साह और प्रेरणा के साथ कार्य क्षेत्र में जुटने का निर्देश दिया। बंसल ने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों से संवेदनशीलता और निष्पक्षता से निपटने की सलाह दी। माओवादियों के खिलाफ लड़ायी में राज्य पुलिस के अच्छे प्रदर्शन के कारण उनका प्रसार और प्रभाव कम हुआ है। हालांकि बंसल ने आने वाले दिनों में नेतृत्व संभालने और प्रभावित क्षेत्रों में स्थानीय निवासियों का दिल जीतने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। बंसल ने आशा व्यक्त की कि राज्य सरकार द्वारा डीएसपी की सीधी भर्ती प्रक्रिया संचालित की जा रही है और भविष्य में ये अभ्यर्थी पुलिस विभाग के नेतृत्व की जिम्मेदारी निभाएंगे। राज्य सरकार ने पुलिस भर्ती बोर्ड का गठन कर भर्ती प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। उन्होंने कहा कि 2023 में 4,600 से अधिक कांस्टेबलों की भर्ती की गयी है और वे जल्द ही अपना प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पुलिस बल में शामिल होंगे। बंसल ने बताया कि 470 उपनिरीक्षकों की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। बंसल ने बिजु पट्टनायक राज्य पुलिस अकादमी की अखिल भारतीय स्तर पर विशेष पहचान के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुलिस अकादमी अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल बन गयी है। वर्ष 2020-21 में इसने सर्वश्रेष्ठ पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के रूप में केंद्रीय गृह मंत्री की ट्रॉफी जीती और एक स्वर्णिम अध्याय रचा। बंसल ने उम्मीद जताई कि इस अकादमी में दिए गये प्रशिक्षण से नवनियुक्त अधिकारियों को आने वाले दिनों में अधिक जिम्मेदार और कुशल बनने में मदद मिलेगी।

# झारखंड में 20 वर्षों के बाद पहली बार मेडिकल कांफ्रेंस में सीएमइ क्रेडिट आवर्स देने की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह एवं झारखंड मेडिकल काउंसिल के रजिस्ट्रार डॉ बिमलेश सिंह से सीएमइ क्रेडिट आवर पत्र लेतीं चेयरपर्सन साइंटिफिक कमेटी, झारखंड नेत्र सोसायटी डॉ भारती कश्यप।

**रांची।** अपर मुख्य सचिव अरुण सिंह ने झारखंड में पहली बार 31 मार्च से 2 अप्रैल तक हजारीबाग में आयोजित होने वाली झारखंड नेत्र सोसायटी की वार्षिक कांफ्रेंस के लिए सीएमइ क्रेडिट आवर के अलॉटमेंट का पत्र चेयरपर्सन साइंटिफिक कमेटी झारखंड आप्थाल्मालॉजिकल सोसायटी डॉ भारती कश्यप को सौंपा। इसके साथ ही पहली बार 20 वर्षों में झारखंड में आयोजित होने वाली सभी स्पेशियालिटीज की मेडिकल कांफ्रेंस के लिए सीएमइ क्रेडिट आवर्स की उपलब्धता की शुरुआत हुइ। सीएमइ क्रेडिट आवर्स डॉक्टरों की डायग्नोस्टिक, मेडिकल ट्रीटमेंट और सर्जिकल ट्रीटमेंट की लगातार गुणवत्ता वृद्धि को प्रमाणित करने का मापक है। अगर डॉक्टर के पास सीएमइ क्रेडिट आवर्स पर्याप्त है, तो इसका मतलब है डॉक्टर अपनी डायग्नोस्टिक, सर्जिकल और मेडिकल ट्रीटमेंट में लगातार अपनी गुणवत्ता बनाये रख रहे हैं और मरीज के रोग की पहचान और इलाज की नवीनतम तकनीकी ज्ञान से वाकिफ हैं और इससे मरीजों का विश्वास डॉक्टर पर बढ़ता है। 3 घंटे के कांफ्रेंस में 1 सीएमइ क्रेडिट ऑवर मिलते हैं, एक कांफ्रेंस यदि एक दिन में 6 घंटे की होती है, तो उसमें 2 सीएमइ क्रेडिट ऑवर मिलते हैं। यदि कोई कांफ्रेंस 3 दिनों का होता है और प्रति दिन 6 से 8 घंटो का सेशन होता है, तो उसमें 6 से 8 सीएमइ क्रेडिट ऑवर मिल जाते हैं। इस तरह एक डॉक्टर यदि साल में एक या दो कांफ्रेंस में भाग लेते हैं, तो आसानी से उन्हें 6 से 8 सीएमइ क्रेडिट ऑवर मिल जाते हैं और उन्हें 5 वर्षों में आसानी से 30 क्रेडिट ऑवर मिल जाते हैं। एनएमसी के बनाये गये सीएमइ क्रेडिट आवर में कुछ संशोधन की भी जरूरत है, एक राज्य में अर्जित किया है। वह सीएमइ क्रेडिट आवर दूसरे राज्य में मान्य नहीं होते हैं, इसके अलावा ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के बाद भी सीएमइ क्रेडिट आवर नहीं मिलते।

सरकारी नौकरी में भी जरूरत पड़ती है। मगर हर राज्य में अलग-अलग घंटे का प्रावधान है और किसी-किसी राज्य में तो सीएमइ क्रेडिट आवर रजिस्ट्रेशन के नवीनीकरण और सरकारी नौकरी मे प्रावधान ही नहीं है।

# सोआ ने सीवाइएसडी के साथ किया एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** जनजातीय और ग्रामीण गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम करने वाले संगठन शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और युवा और सामाजिक विकास केंद्र (सीवाइएसडी) के बीच सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गये। समझौता ज्ञापन के अनुसार, सोआ और सीवाईएसडी संयुक्त रूप से विभिन्न कार्यशालाओं, सम्मेलनों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। छात्रों और शोध विद्वानों को सामाजिक संबंधों और लिंगगत अध्ययन से अवगत कराया जायेगा। कृषि जंगल सामूहिक खेती, सिंचाई विकास और सतत विकास लक्ष्यों को भी प्रशिक्षण दिया जायेगा। एमओयू पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद और सीवाइएसडी के सह-संस्थापक जगदानंद ने हस्ताक्षर किए। सोआ और सीवाइएसडी ओड़िशा के कुछ पिछड़े क्षेत्रों में समग्र कृषि पद्धतियों और प्रायोगिक परियोजनाओं पर मिलकर काम करेंगे।

## नाबालिग आदिवासी के अवैध प्रसव का मामला

# सरकारी फार्मासिस्ट सहित 4 गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** आदिवासी नाबालिक के अवैध प्रसव करने को लेकर 4 गिरफ्तार। सरकारी अस्पताल के फार्मासिस्ट, निजी नर्सिंग होम के मैनेजर और उसे गर्भवती करने वाले युवक सहित कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सुंदरगड बिश्रा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। पता चला है कि डॉक्टर ने नाबालिग लड़की को प्रसव कराने के बाद नवजात बच्ची को अपने घर ले गयी। लेकिन लोगों को बताया गया कि बच्ची की मौत हो गयी है। लेकिन बाद में नवजात शिशु कन्या को डॉक्टर के घर से सीडब्ल्यूसी की टीम और पुलिस के साथ जाकर शिशु कन्या को उधार किया। बिश्रा पुलिस ने मामले की जांच की और सभी 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जांच डीएसपी रैंक की एक महिला अधिकारी कर रही हैं।















# ओड़िशा आयेंगे नये प्रभारी आगामी चुनावों पर चर्चा करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** नये साल में ओड़िशा आएंगे नये प्रभारी। पीसीसी अध्यक्ष शरत पटनायक ने नये अध्यक्ष अजय कुमार से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। अजय कुमार छह जनवरी को ओड़िशा आयेंगे। वह 6 से 7 दिनों तक ओडिशा में रहेंगे और कांग्रेस के सभी प्रमुख नेताओं से चर्चा करेंगे। पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि नए प्रभारी का प्रदेश में जोरदार स्वागत किया जायेगा।

शरत पटनायक ने दिल्ली में नये प्रभारी अजय कुमार से मुलाकात की। कांग्रेस के स्थापना दिवस के मौके पर उन्होंने दिल्ली में नए प्रभारी से मुलाकात की और आगामी चुनावों पर चर्चा की।

# ओड़िशा केंद्रीय विवि राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओड़िशा।** केंद्रीय विश्वविद्यालय भारत की संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करने में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली के योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन करेगा। ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय और जनजातीय अनुसंधान और ज्ञान केंद्र, नयी दिल्ली संयुक्त रूप से 9 से 10 जनवरी तक भारत की संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करने में जनजातीय संस्कृति और जीवन शैली का योगदान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर चक्रधर त्रिपाठी संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। दूसरे दिन, दिल्ली में जनजातीय अनुसंधान और ज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ भाग लेने वाले हैं। संगोष्ठी में ओड़िशा और देश के विभिन्न हिस्सों से जनजातीय अध्ययन के क्षेत्र में विशेषज्ञता और ज्ञान रखने वाले प्रख्यात प्रोफेसरों, लेखकों, पत्रकारों और शोध छात्रों सहित लगभग 150 प्रतिनिधि भाग लेंगे। जनजातीय कहानियां, उनका अतीत, संस्कृति और पारंपरिक ज्ञान उनकी संस्कृति और जीवन शैली को समृद्ध करते हैं और उनकी संस्कृति और जीवन शैली ने भारत की संस्कृति और जीवन शैली को आकार देने में कैसे मदद की है, इस दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में चर्चा की जायेगी, विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगुनाथ भोई ने बताया।









# कानून के तीन छात्रों और दो संकाय सदस्यों ने ओजेएस परीक्षा उत्तीर्ण की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** हाल ही में जारी ओड़िशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) द्वारा आयोजित ओडिशा न्यायिक सेवा (ओजेएस) परीक्षा में कानून के तीन पूर्व छात्रों और शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) के दो संकाय सदस्यों ने सफलता हासिल की है। जबकि ओजेएस परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी किए गये, सोआ नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ (स्निल) की पूर्व छात्रा निलिशा पटनायक ने राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दो अन्य पूर्व छात्र, अम्लान रथ और सुदता पाणिग्राही क्रमशः 22वें और 30वें स्थान पर हैं। इसी तरह स्नेल के सहायक प्रोफेसर बैशाली बाहुबलेंद्र और अंशुमान रथ क्रमशः 32वें और 50वें स्थान पर रहे हैं। निलिशा पटनायक ने स्नेल के 2022-23 बैच में एलएलएम पास किया है, जबकि अम्लान रथ 2014-19 बैच के बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) के छात्र हैं और सुदता पाणिग्राही बीबीए एलएलबी (ऑनर्स) 2012-17 बैच के छात्र हैं। सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मनोजरंजन नायक ने स्नेल के पूर्व छात्रों और संकाय सदस्यों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# विशाखापटनम-रायगड़ा-विशाखापटनम पैसेंजर का भवानीपटना तक विस्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** माननीय सांसद (लोकसभा) कालाहांडी, बसंत कुमार पंडा और माननीय सांसद (राज्यसभा) सुजीत कुमार ने भवानीपटना रेलवे स्टेशन से गाड़ी संख्या 08504/08503 विशाखापटनम- रायगड़ा-विशाखापटनम पैसेंजर को भवानीपटना तक के विस्तार को हरी झंडी दिखाई। विस्तार के बाद गाड़ी संख्या 08504/08503 विशाखापटनम- रायगड़ा-विशाखापटनम पैसेंजर स्पेशल नयी गाड़ी संख्या 58504/58503 विशाखापटनम-भवानीपटना-विशाखापटनम पैसेंजर स्पेशल के साथ प्रतिदिन चलेगी । भवानीपटना से यह गाड़ी 01:15 बजे प्रस्थान करेगी और 10:00 बजे विशाखापटनम पहुंचेगी और विशाखापटनम से यह ट्रेन 18:00 बजे प्रस्थान करेगी और 00:45 बजे भवानीपटना पहुंचेगी। विशाखापटनम और रायगड़ा के बीच दोनों दिशाओं से इन गाड़ियों के लिए निर्धारित समय और ठहराव अपरिवर्तित रहेंगे। विस्तारित हिस्से में रायगड़ा और भवानीपटना के बीच सिंगापुर रोड, थेरुवली, बीषमकटक, मुनिगुडा, दोईकालू, अंबोदला, लांजीगढ़ रोड, जी रामचंद्रपुर पीएच और देपुर में इस गाड़ी का ठहराव होगा।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**